दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 110 | जयपुर, रविवार, 31 मार्च, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**जरूरी खबर**

### मुख्तार अंसारी सुपुर्द-ए-खाक... उमड़े लोग



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के माफिया रहे मुख्तार अंसारी को शनिवार सुबह करीब 10 बजे गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इससे पूर्व शुक्रवार को बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में उसके शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। शाम को ही करीब 5 बजे 26 गाड़ियों का काफिला शव लेकर बांदा से गाजीपुर के लिए रवाना हुआ था। देर रात डेढ़ बजे के आसपास उसका शव गाजीपुर आवास पर पहुंचा। इसके बाद उसे कालीबाग कब्रिस्तान ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। परिजनों ने उसे मिट्टी दी। इस दौरान कब्रिस्तान के बाहर लोगों का भारी हुजूम रहा।

-पेज 8 भी देखें

### वसुंधरा भाजपा की चुनाव घोषणा पत्र समिति में



**नई दिल्ली।** भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सह-संयोजक बनाए गए हैं। समिति में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय मंत्रियों को सदस्य बनाया गया है। अध्यक्ष व संयोजक समेत समिति में कुल 27 सदस्य हैं।

-पेज 7 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**लोकसभा चुनाव: भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में शक्ति फूंकेंगे केंद्रीय गृह मंत्री**

# अमित शाह आज जयपुर में लेंगे बैठक, सीकर में करेंगे रोड शो

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश में बड़े नेताओं का आना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजधानी जयपुर आयेंगे। सूत्रों के अनुसार शाह जयपुर के एक निजि होटल में सात लोकसभा क्षेत्रों की कोर कमेटियों की बैठक लेंगे। इन कोर कमेटियों में जयपुर, धौलपुर, नागौर, दौसा, चूरू, झुंझुनूं, और करौली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। शाम 4 बजे गृहमंत्री सीकर में रोड शो करेंगे। 1 अप्रैल को शाह का चुरु लोकसभा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। हालांकि अभी तक कार्यक्रम की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### पीएम मोदी कोटपूतली में 2 अप्रैल को करेंगे जनसभा

2 अप्रैल को जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर कोटपूतली में पीएम मोदी की जनसभा आयोजित होगी। कोटपूतली के एलबीएस कॉलेज में पीएम मोदी की सभा प्रस्तावित है। पीएम मोदी की सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई। प्रदेश बीजेपी ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मोदी की सभा के लिए जिम्मेदारी तय कर दी है।



### मोदी चौथी बार आएंगे प्रदेश के दौरे पर

उल्लेखनीय है कि इस साल पीएम मोदी चौथी बार राजस्थान आ रहे हैं। वे साल की शुरुआत में ही पांच से सात जनवरी तक जयपुर में आयोजित हुई डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए जयपुर पहुंचे थे। उस समय पीएम मोदी पहली बार बीजेपी प्रदेश कार्यालय आए थे। यहां उन्होंने मंत्री, विधायकों और पदाधिकारियों के साथ डिनर किया था। पीएम मोदी दूसरी बार 25 जनवरी को फिर जयपुर आए थे। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ जयपुर में रोड शो किया था। वहीं जयपुर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। इसके बाद वे जैसलमेर आए थे।

### शाह रथ से ही करेंगे संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को दोपहर 3 बजे सीकर पहुंचेंगे। वे यहां इस दिन शहर के प्रमुख मार्गों से रोड शो करेंगे। रोड शो कल्याणजी के मंदिर से प्रारंभ होगा, जो दूजोद गेट, घंटाघर, जाट बाजार, फागलवा पेट्रोल होते हुए तापड़िया बगीची तक जाएगा। यहां रोड शो का समापन होगा। रोड शो के दौरान सीकर जिले की सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता, पार्टी के सभी मोर्चे, सभी समाज के संगठन, व्यापारिक संगठन सहित काफी संख्या में लोग गृह मंत्री शाह का स्वागत करेंगे। रोड शो के मार्ग को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। रोड शो में ऊँट, घोड़े, रथ, बैंड आदि नाचते गाते साथ रहेंगे। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। रोड शो में अमित शाह रथ से ही लोगों को संबोधित करते भी चलेंगे।

**मिजाज-ए-मौसम: प्रदेश के 10 से ज्याद जिलों में हुई बरसात**

# सूबे में मौसम ने ली अंगड़ाई... गर्मी में बारिश ने राहत दिलाई

### नया पश्चिमी विक्षोभ 5-6 अप्रैल को सक्रिय होने की संभावना

### अधिकतम तापमान में 2 से 3° C की आई गिरावट

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मौसम ने गरमाहट का शुमार होते ही अंगड़ाई ली है। हर दिन नया अपडेट आ रहा है। मौसम विभाग का पूर्व में दिया गया अलर्ट सही निकला। प्रदेश के कुछ जिलों में शनिवार को हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश हुई। श्रीगंगानगर के रायसिंह नगर में 16.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

वहीं, प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी व हवाओं का दौर रहा। इसके कारण तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की कमी आई। इससे पहले शुक्रवार को तमाम इलाकों में बादल छाए रहे। राजधानी जयपुर में भी शनिवार को हल्के बादल छाए रहे।

### नया प. विक्षोभ 5-6 अप्रैल को होगा सक्रिय


मौसम विभाग के एक नए अपडेट के अनुसार राजस्थान में एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 5-6 अप्रैल को राज्य के कुछ भागों में सक्रिय होने की संभावना है। आगामी 5 दिन राज्य में हीट वेव चलने की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे (औसत के आसपास) दर्ज होने की प्रबल संभावना है।

**■ श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में 16.2 मिमी बारिश की गई दर्ज**




**प्रमुख शहरों का तापमान :**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| कोटा | 41.5 | 24.5 |
| बारां | 40.9 | 24.0 |
| करौली | 40.2 | 21.1 |
| धौलपुर | 39.3 | 22.5 |
| बाड़मेर | 39.0 | 25.4 |
| जालोर | 38.7 | 22.7 |
| अलवर | 38.6 | 19.6 |
| चित्तौड़गढ | 38.4 | 20.8 |
| जोधपुर | 38.2 | 24.8 |
| जयपुर | 37.9 | 24.3 |
| जैसलमेर | 37.4 | 19.7 |
| अजमेर | 37.3 | 25.5 |
| बीकानेर | 37.3 | 22.3 |
| सीकर | 37.1 | 22.0 |
| उदयपुर | 37.1 | 20.0 |
| पिलानी | 37.0 | 20.6 |




**कहां कितनी बारिश- शहर बारिश (एमएम)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चूनावढ़ | 9 | मिर्जेवाला | 3 |
| हिंदुमलकोट | 8 | लालगढ़ | 3 |
| करणपुर | 4 | बिझबायला | 3 |
| गजसिंहपुर | 4 | केसरीसिंहपुर | 3 |
| श्रीगंगानगर | 3 | सादुलशहर | 2 |

### बारिश की वजह से श्रीगंगानगर में फसलों को नुकसान

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान के कई इलाकों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। पूर्वी राजस्थान के भरतपुर व जयपुर और पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर तथा बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ओले भी गिर सकते हैं। बारिश और ओले गिरने के संबंध में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, करौली, झुंझुनूं, धौलपुर, दौसा, भरतपुर और अलवर जिले में अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में बीकानेर, कोटा व जयपुर संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई है। अधिकांश भागों में आगामी चार-पांच दिन मौसम प्राय: शुष्क बने रहने की प्रबल संभावना है।

**पहला चरण: 114 प्रत्याशी मैदान में**

# प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 10 नामांकन वापस



*केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को जोधपुर में नामांकन दाखिल किया। साथ में सीएम शर्मा।*

-पेज 2 भी देखें

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 के पहले चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों से शनिवार को 7 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए हैं। इसके साथ ही, पहले चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में से कुल 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। शनिवार को सीकर और दौसा लोकसभा क्षेत्रों से 2-2 तथा जयपुर, अलवर और नागौर क्षेत्रों से 1-1 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस लिए। नामांकन वापसी की समय-सीमा शनिवार को ख़त्म हो जाने के बाद अब 12 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 114 प्रत्याशी चुनाव में डटे हैं। चुनाव मैदान में उम्मीदवारों के चेहरों की तस्वीर साफ हो गई है। जानकारी के अनुसार सीकर से 2 निर्दलीय प्रत्याशियों सतीश इंशा और शंकर लाल शर्मा, दौसा से कैलाश चन्द मीना और नरेश कुमार मीना, जयपुर से रामअवतार सांवरिया, अलवर से महेंद्र कुमार तथा नागौर से भंवर सिंह ने नामांकन वापस लिया है। प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 जून को होगी। नाम निर्देशन पत्र वापसी की अंतिम तिथि के बाद निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन भी कर दिया गया है।

### लोकसभावार मैदान में डटे प्रत्याशियों की संख्या

**गंगानगर में 9, बीकानेर में 9, चूरू में 13, झुंझुनूं में 8, सीकर में 14, जयपुर ग्रामीण 15, जयपुर में 13, अलवर में 9, भरतपुर में 6, करौली-धौलपुर में 4, दौसा में 5, नागौर में 9 प्रत्याशी मैदान में है।**

# लखनऊ जीता, मयंक यादव ने फेंकी 156 की स्पीड से बॉल

एजेंसी | लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स को शनिवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 21 रन से हरा दिया है। आईपीएल के 11वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब दमदार शुरुआत मिलने के बावजूद 177 रन ही बना सकी। मैच में लखनऊ के मयंक यादव ने 156 की गति से गेंद फेंकी।

**देश का सर्वोच्च सम्मान**

# पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और चरण सिंह समेत 4 शख्सियतों को भारत रत्न

- भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को आज नवाजा जाएगा
- आडवाणी को उनके आवास पर सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति
- 4 हस्तियों को मरणोपरांत किया राष्ट्रपति ने सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 4 शख्सियतों को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को भारत रत्न से नवाजा जाएगा। राष्ट्रपति रविवार को आडवाणी के घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगी। आडवाणी की तबीयत खराब होने के कारण उनको राष्ट्रपति उनके घर जाकर सम्मानित करेंगी। वहां पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति भवन में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में चारों शख्सियतों के परिजनों ने यह सम्मान हासिल किया। नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान लिया।




### अब तक 53 हस्तियों को भारत रत्न

केंद्र ने इस साल 5 हस्तियों को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया था। साल 2014 में सत्ता संभालने के बाद से मोदी के कार्यकाल में मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है। 2024 के 5 हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को अब तक हासिल करने वालों की संख्या 53 हो गई।

### सम्मानित 4 शख्सियतों पर एक नजर

**पी वी नरसिम्हा राव**

देश के 9वें प्रधानमंत्री थे। पीएम मोदी ने उनके लिए कहा था- प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

**चौधरी चरण सिंह**

भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। उनके लिए पीएम मोदी ने कहा था कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था।

**कर्पूरी ठाकुर**

कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री और एक बार डिप्टी सीएम रहे। वे पिछड़े वर्गों के हितों की वकालत करने के लिए जाने जाते थे।

(पेज 8 भी देखें)

## जरूरी खबर

### विपक्ष को खत्म करना चाहती BJP, लोकतंत्र खतरे में



**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार शाम को जिले के स्वरूपगंज पहुंचे। उन्होंने यहां कार्यकर्त्ताओं के सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में भाजपा विपक्ष को खत्म करना चाहती है। भाजपा देश को चीन, रूस और उत्तर कोरिया जैसा बनाना चाहती है। हमें एकजुट होकर इसका मुकाबला करना है, ताकि देश में लोकतंत्र को बचाया जा सके। लोकतंत्र ही नहीं रहेगा, तो वोट की कीमत क्या रह जाएगी। गहलोत ने कहा कि आज देश में हालात चिंताजनक हैं।

### खाते फ्रीज करने को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बेधड़क. जयपुर।** आयकर विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव घोषणा से तीन सप्ताह पहले कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज कर 135 करोड़ रुपए जबरन निकालने तथा 1823.08 करोड़ रुपए के भुगतान का नोटिस देने के विरोध में शनिवार को समस्त जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर प्रहार किया जा रहा है। वहीं संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्षी दलों के विरूद्ध किया जा रहा है। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं से चंदा लिया है, जिनको खातों में फ्रिज कर दिया गया है। भाजपा देश के लोकतंत्र को खतरे में डाल रही है।

### मतदान केन्द्रों पर गर्मी से बचाव के हों पुख्ता इंतजाम




**बेधड़क. जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य के सभी 53,126 मतदान केंद्रों पर तेज गर्मी से बचाव के समुचित प्रबंध करें। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए छायादार स्थान एवं पर्याप्त कुर्सियों एवं साथ ही वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए एक प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था भी करें। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने एवं वापस घर तक जाने के लिए यातायात की सुविधा भी मुहैया करायी जाएगी।

**कोटा में प्रहलाद गुंजल की चुनावी सभा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने बोला भाजपा पर हमला**

# बिरला ने की थी हमारे नेताओं की सदस्यता रद्द, अब बदला लेंगे

**बेधड़क** | जयपुर

कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल की रैली के बाद सर्किट हाउस के नजदीक आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि जिस व्यक्ति ने हमारे नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की, जिसके साइन से सदस्यता खारिज हुई थी, उसको हराने का यह सही मौका है। ऐसे व्यक्ति को संसद नहीं पहुंचने देना है।

डोटासरा ने कहा कि ओम बिरला से बदला लेने का यह अच्छा मौका है, उसे जीतने नहीं देंगे। ओम बिरला ने एक ही दिन में हमारे 150 सांसदों की सदस्यता रद्द की थी और 18 कानून पारित कर लिए थे। यह लोकतंत्र को खत्म करने के लिए अलोकतांत्रिक कार्य किया गया था। सभा में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि प्रहलाद गुंजल पूरी तरह से हमारे हो गए हैं और अब यह हमारे प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। यहां से जीत कर अब यह पार्लियामेंट में कांग्रेस की आवाज बुलंद करेंगे।



उन्होंने कहा कि मैं मोदी सरकार को चुनौती देता चाहता हूं कि वह हमारे खातों को सीज कर सकती है। हमारे नोट सीज कर सकती है, लेकिन हमारे वोटों को सीज नहीं कर सकती। जिस तरह की भीड़ इस रैली में आई है, उससे साफ है कि कांग्रेस के पक्ष में माहौल है और कोटा-बूंदी से प्रहलाद गुंजल को दिल्ली भेजने पर मुहर लगेगी।

### बिरला ने हमेशा जनता को झूठ परोसा: धारीवाल

सभा को संबोधित करते हुए शांति धारीवाल ने ओम बिरला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिरला ने हमेशा झूठ परोसा है। पहली बार विधायक बने, तब एमबीएस अस्पताल में मेडिसिन बैंक खोल दिया। कुछ लोगों को दवा मिली, लेकिन वह मेडिसिन बैंक कब, कहां गया, किसी को पता नहीं है। इसके साथ ही जवाहर नगर के एक मंदिर में प्रसादम चला दिया, जहां पर गरीबों को भोजन करने की बात कही, लेकिन अब वह कहां चल रहा है, यह सामने नहीं आ रहा। राजस्थान में बीजेपी की सरकार आते ही, इस मामले में बिरला का मुंह नहीं खुला। धारीवाल ने कहा कि बिरला मुकुंदरा में बाघ लाने की बात कहते रहे, लेकिन मुकुंदरा आबाद करने के लिए कुछ भी नहीं किया। कोटा से आईआईटी जोधपुर चली गई। 10 साल से इनकी सरकार केंद्र में है और बिरला भी जनप्रतिनिधि रहे हैं, इन्होंने कोई नई चीज नहीं खोली।

### मुझे गुलामी मंजूरी नहीं: गुंजल

सभा में प्रहलाद गुंजन ने कहा मुझे गुलामी मंजूर नहीं है। मैं ओम बिरला को चुनौती देता हूं। कोटा में सारी संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। भाजपा में ऐसी स्थिति है कि पद-प्रतिष्ठा चाहिए तो बिरला के भाइयों के फोटो सिर पर लगाने पड़ेंगे। यहां ऐसी स्थिति है कि बिरला के भाई भाषण देते हुए कहते हैं कि ओम बिरला पीएम मोदी को भी सीटडाउन करवा देता है। ओम बिरला अपने चेहरे पर लड़ें, इसलिए ही दोनों भाइयों के फोटो अब गायब कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रहलाद गुंजल को चारों तरफ से पहले भी घेरा गया था, लेकिन प्रहलाद गुंजल किसी के सामने नतमस्तक नहीं होगा। प्रभु रामचंद्र जी के मंदिर में ही यह नतमस्तक हो सकता है।

**गजेंद्र सिंह शेखावत की नामांकन सभा में कांग्रेस पर बरसे सीएम**

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी, टिकट के लिए भी नहीं मिल रहे प्रत्याशी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। यही कारण है कि आज ऐसी स्थिति बन गई है कि कांग्रेस का टिकट लेने के लिए प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। जिनको टिकट दे रहे हैं, वे मना कर रहे हैं।

कुछ लोग कह रहे हैं कि हारने के लिए हमें क्यों दे रहे हो। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की नामांकन सभा को संबोधित करते हुए किया। कांग्रेस सिर्फ तुष्टीकरण कर रही थी। गरीबी के नाम पर वोट लिए, लेकिन कभी काम नहीं किया। जोधपुर के पोलो मैदान हुई सभा में भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर और राजसमंद इसका उदाहरण है।

उन्होंने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा कि सीकर में भी वे उम्मीदवार नहीं ढूंढ पाए। खुद का नाम आया तो मना कर दिया। शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले देश की हालत क्या थी यह हम जानते हैं, लेकिन उस समय के दस से 15 साल युवा को पता नहीं है। आज वह मतदाता बन गया है। उसे जानना जरूरी है कि उस समय भ्रष्टाचार कितना चरम पर था। सभा में मंत्री जोगाराम पटेल, गजेंद्र सिंह खींवसर, कन्हैयालाल चौधरी, जोराराम कुमावत, केके विश्नोई के अलावा विधायक हमीर सिंह भायल, प्रतापपुरी, पब्बाराम विश्नोई, बाबूसिंह राठौड़, अतुल भंसाली, देवेंद्र जोशी व छोटू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### कांग्रेस ने नहीं की चरण सिंह की परवाह

भजनलाल शर्मा ने चुनावी सभा में देश के बड़े जाट नेता रहे चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि किसानों की परवाह उन्होंने की थी, लेकिन कांग्रेस ने कभी नहीं की। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों को क्रेडिट कार्ड दिया। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया। एमएसपी की दरें बढ़ाई। सीएम भजन लाल ने कहा कि हमने भी हमारी सरकार बनने के बाद एमसीपी में बढ़ोतरी की है। किसान सम्मान निधि में प्रदेश के किसानों के लिए राशि बढ़ाई है।

### विकसित भारत के लिए मोदी को फिर बनाना होगा पीएम

नामांकन सभा को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के अलावा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा विधायकों व संगठन के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हमें उनकी तीसरी बार सरकार बनानी है। शेखावत ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि उन्होंने जो मेहनत अब तक की है, उससे अधिक मेहनत करनी है। सभा में पोकरण, फलौदी, लोहावट, शेरगढ, लूणी ओर जोधपुर शहर से कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे।

**पीसीसी में हुई आला नेताओं की बैठक**

# विस चुनावों में निर्दलीय चुनाव लड़े प्रत्याशियों की सदस्यता बहाल



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वार रूम में शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के आला नेताओं की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से टिकट नहीं दिए जाने पर बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले नेताओं की सदस्यता फिर से बहाल की गई।

इसमें भरतपुर जिले के कामां विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़े सीए मुख्यतार अहमद, बीकानेर जिले के लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल तथा श्रीगंगानगर के सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रहे प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सदस्य ओम बिश्नोई तथा पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल की पार्टी हित में पुनः सदस्यता बहाल करने की प्रार्थना को स्वीकार किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने अनुशासन समिति की अनुशंषा पर वीरेन्द्र बेनीवाल, सीए मुख्यतार अहमद तथा ओम बिश्नोई, जालोर की पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता बहाल करते हुए कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इनके साथ ही पार्षद चौधरी खुर्शीद अहमद, सरपंच जाकिर, सरपंच गनी, चौधरी अकबर तथा मुशरिम अली ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने आशा व्यक्त की है कि पार्टी में शामिल हुए सभी नेता पार्टी की मजबूती के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करेंगे तथा इनके पार्टी में शामिल होने से लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को लाभ मिलेगा।

**ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे शिरकत**

# सामाजिक सम्मेलन से लोगों तक पहुंचाएंगे पीएम मोदी की नीतियां

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण रविवार सुबह 11 बजे सी स्कीम स्थित महावीर स्कूल में ओबीसी सामाजिक सम्मेलन, ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया कार्यशाला और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने शनिवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओबीसी वर्ग के लिए चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए रोड मैप तैयार जाएगा।



चंपालाल गेदर ने कहा कि विगत 5 मार्च से देशभर में ओबीसी सामाजिक सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। राजस्थान में लगभग 400 से अधिक ओबीसी सामाजिक सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। रविवार को जयपुर में आयोजित होने वाले ओबीसी सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में डॉ. के. लक्ष्मण के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, सुरेश रावत, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार सहित ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, सोशल मीडिया और आईटी के जिला प्रभारी मौजूद रहेंगे।

**विभिन्न विद्याओं में पारंगत कलाकारों ने दिए ऑडिशन**

# लोक कलाकार बनाएंगे BJP का माहौल

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा राजस्थान की लोक कलाओं के माध्यम से लोगों तक मोदी सरकार की उपलब्धियां पहुंचाकर अपने पक्ष में माहौल तैयार करेगी। इसके लिए भाजपा सांस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ की ओर से नुक्कड नाटक, लोक गायन, कठपुतली, जादूगर और बहरूपियां विधाओं के कलाकारों के चयन के लिए प्रदेश कार्यालय में शनिवार को आडिशन लिए गए। इस दौरान देशभर से 100 से अधिक समूह ने अपना आडिशन दिया।

प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ चन्द्रदीप हाडा ने बताया कि आडिशन के बाद बेहतर टीमों को 25 लोकसभाओं क्षेत्रों में सांस्कृतिक प्रचार के लिए भेजा जाएगा। यह दल प्रदेश की जनता के सामने केंद्र की योजनाओं के साथ भजनलाल सरकार द्वारा 100 दिनों में किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करेंगे। इस दौरान कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करके भाजपा के पक्ष में वोट करने और राजस्थान से तीसरी बार 25 सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिताने की अपील करेंगे। लोकसभा चुनावों के प्रचार के समय प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में इन 5 विधाओं के दलों को भेजा जाएगा, जो भाजपा पार्टी के पक्ष में प्रत्याशी का प्रचार-प्रसार करेंगे और भारी मतों से जिताने में अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, चुनाव सहप्रभारी प्रवेश वर्मा, प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मनीष पारीक, सह संयोजक डॉ. चन्द्रदीप हाडा, सह संयोजिका शालिनी शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मदन प्रजापत, भूषण शर्मा, मूर्तिकार महावीर भारती ने इन कलाकारों का आडिशन लिया।



**राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा...**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने लागू की जनहित की योजनाएं

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 100 दिनों की उपलब्धियों को गिनाया।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के ध्येय वाक्य पर काम कर रहे हैं। इसमें आदिवासी, अनुसूचित जाति-जनजाति के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए गए।



उनके कार्यों के आधार पर हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि इस बार लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएगी। वहीं देश में इस बार भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिलेगा। भाजपा 370 सीटों से ज्यादा और एनडीए 400 पार सीटों पर कमल खिलाएगी। तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में राजस्थान की भजनलाल सरकार ने एक के बाद एक जनहितैषी योजनाओं को लागू किया। महज 100 दिनों के कार्यकाल में राजस्थान के 25 जिलों के लिए जीवनदायनी कहलाने वाली योजना ईआरसीपी और यमुना जल का ऐतिहासिक समझौता किया।

ईआरसीपी से जहां प्रदेश के 21 जिलों के लोगों की सिंचाई के साथ पेयजल समस्या का समाधान होगा, वहीं यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, नीमकाथाना, चूरू और झुंझुंनू जिलों की जनता को सिंचाई एवं पीने का पानी मिलेगा। यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 3 प्रदेशों की ट्रिपल इंजन सरकार के सहयोग से हो पाया है।

### कांग्रेस में भगदड़ का माहौल

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि एक ओर गुलशन में बहार है तो दूसरी ओर भगदड़ मची है। प्रदेश की जनता भजनलाल सरकार के नेतृत्व से खुश है और सरकार का जनता के लिए संदेश है कि 'प्रेम से दीया जलाओ, भजन करो और देव तुल्य जनता का सम्मान करो'। तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में राजस्थान में 8400 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण कार्य हुआ है। वहीं भजनलाल सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार कर दिया। वहीं पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत राजस्थान में 79 मैट्रिक टन अनाज बांटा जा रहा है।

### महिला आरक्षण बिल पास

सांसद तिवाड़ी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 साल के दौरान देशभर में 76 नए एयरपोर्ट बनाए गए हैं। इनमें से 3 एयरपोर्ट राजस्थान में बनाए जा रहे हैं। वहीं महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण वाला नारी शक्ति वंदन बिल पास करवाकर आधी आबादी को हक दिलाने का काम भी पीएम मोदी के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के सैनिकों की दशकों से लंबित 'वन रैंक-वन पेंशन' योजना को पीएम मोदी ने लागू किया। वहीं यह भारत का स्वर्णिम काल है जिसमें आज भारत में सबसे बड़ा पुल चीनाब नदी पर बनाया गया है, तो भारत मंडपम सबसे बड़ा सम्मेलन बन गया।

### सांस्कृतिक विरासत को किया मजबूत

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि देश को सांस्कृतिक आजादी दिलाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। जन-जन के आराध्य प्रभु श्रीराम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती दिलाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक पटल पर अनोखी छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के इस ऐतिहासिक कालखंड में भारत विश्व के 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर की अर्थ व्यवस्था पर पहुंच गया।

## जरूरी खबर

### होली मिलन समारोह में सराफ का सम्मान




**जयपुर।** राजधानी में जेएलएन मार्ग पर स्थित आदिनाथ नगर विकास समिति की ओर से शनिवार को होली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। इसमें मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ का सम्मान किया गया। विधायक सराफ ने कहा कि आदिनाथ नगर विकास समिति प्रदेश में पहली ऐसी कॉलोनी है, जिसमें विधायक कोष से 30 लाख रुपए की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। आदिनाथ नगर विकास समिति अध्यक्ष उमा शर्मा ने विधायक सराफ से टूटी हुई सड़कों का नवीनीकरण करवाने की मांग की। इस पर सराफ ने आचार संहिता हटने के बाद सभी सड़कों का नवीनीकरण करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद महेश सैनी बच्चू, विकास समिति अध्यक्ष उमा शर्मा, रिटायर्ड आईएएस ओपी यादव, अतुल गर्ग, रिटायर्ड आईपीएस ए.के जैन, रामकिशन खंडेलवाल, रामअवतार अमरसरिया, महामंत्री हरीश खड़िया, नटवर कुमावत मौजूद रहे।

### बैंक एटीएम में आग, दस्तावेज और फर्नीचर जले

**जयपुर।** राजधानी के बनीपार्क इलाके में शनिवार देर रात एसबीआइ बैंक परिसर में आग गई। आग की सूचना पर पहुंची दो दमकल ने करीब 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने बताया कि जिला कलेक्ट्री के पीछे स्थित एसबीआइ बैंक की शाखा में बने एटीएम में आग लगी। आग लगने का कारणों का पता नहीं चल पाया। बैंक प्रबंधक के अनुसार आग से जरूरी दस्तावेज और फर्नीचर जल गए। आग लगने पर एतिहात इलाके की बिजली भी बंद करा दी गई।

**‘घूमो जयपुर-ढूंढो विरासत’ अभियान में ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर पहुंची झालाना अभयारण्य**

# आमजन के संग वॉक, सफाई कर दिया वन सरंक्षण का संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर की पहल घूमो-ढूंढो विरासत जयपुर के तहत राजस्थान दिवस के अवसर पर महापौर झालाना लेपर्ड रिर्जव अभ्यारण में पहुंची। इस दौरान महापौर ने अभयारण्य में राजस्थान दिवस पर आमजन के साथ वॉक की और आमजन के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही उन्होंनें स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए अभ्यारण में सफाई भी की। इस दौरान उन्होंने फैले हुए कचरे को डस्टबिन में डाला।

मौके पर मौजूद लोगों से अपील की, हम सभी प्रकृति की गोद में है इसे स्वच्छ रखने में सहयोग करे। वही, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग हो, इसके लिए कपड़े के थैले भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि आमजन की जिम्मेदारी भी है। इसलिए आमजन को घर हो या बाहर 20 कदम स्वच्छता की जिम्मेदारी ली जानी चाहिए।



### स्थानीय पर्यटन को किया प्रोत्साहित

इस दौरान उन्होंने झालाना सफारी का भी भ्रमण किया। उन्होंने वन्यजीव की पिक्चर को कैमरे में कैद करते हुए लोकल स्थानीय पर्यटन स्थल को प्रोत्साहित किया। महापौर ने कहा कि आज अनोखी बस्ती के रहने वालों को करीब से सफारी में देखा। देश के प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि पहले अपना शहर घूमो, फिर देश और उसके बाद विदेश। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि पहले अपने नजदीक के लोकल पर्यटन स्थल पर जाएं और उसे सपोर्ट करें।

### घूमो जयपुर-ढूंढो विरासत को मिल रहा जन समर्थन

महापौर ने बताया कि घूमो जयपुर-ढूंढो विरासत शहर की स्वच्छता बनाए रखने का एक अभियान है। इस अभियान में जयपुरवासियों से अपील की है कि वे 20 कदम स्वच्छता के लिए चलें। अपने आस-पास गंदगी नहीं होनें दें। इस अभियान में लगातार लोगों का सर्मथन मिल रहा है। लोग सुबह-शाम घूमते हुए भी साफ-सफाई का भी ध्यान रख रहें हैं। वे खुद भी लगातार लोगों के बीच जाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। गौरतलब है कि घूमो जयपुर ढूंढो विरासत की थीम पर अब तक महापौर सौम्या गुर्जर जवाहर सर्किल, सिटी पार्क, सेन्ट्रल पार्क, अल्बर्ट हॉल पर स्वच्छता का संदेश दे चुकी हैं।

**बदमाशों ने 45 मिनट में चार थाना क्षेत्रों में की एक ही तरीके से वारदात**

# खतरा बता लूट रही ‘नकली पुलिस’ टारगेट बन रहीं बुजुर्ग महिलाएं

**■ ईरानी गैंग पर शक... नाकाबंदी के बावजूद भी पुलिस के हाथ खाली**

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में इन दिनों एक ऐसी गैंग सक्रिय है जो नकली पुलिस बनकर लोगों को लूट का भय दिखाती है। गहने उतरवाकर धोखे से उनको नकली से बदलकर फरार हो जाती है। गैंग के निशाने पर ऐसी बुजुर्ग महिलाएं हैं जो सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली या मंदिर जाकर लौट रही होती हैं। शुक्रवार को शहर में पौन घंटे की अवधि में चार जगह पर इस नकली पुलिस गैंग ने वारदात की और चारों ही जगह पर लूट के लिए सेम ही तरीका अपनाया।

पुलिस के अनुसार वारदात में ईरानी गिरोह का हाथ हो सकता है। घटना के बाद नाकाबंदी भी कराई गई, लेकिन पुलिस अभी खाली हाथ ही है। एडिशनल डीसीपी (ईस्ट) आशाराम चौधरी ने बताया कि वारदात आदर्श नगर, जवाहर नगर, मोती डूंगरी और अशोक नगर में की गई। चारों जगह बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाया गया और उनसे लाखों के गहने लूट लिए गए। ये घटनाएं सुबह करीब 6:45 से 7:30 बजे हुई।






### चार जगह-चार वारदात

**आदर्श नगर:** थाना इलाके में राजापार्क में मॉर्निंग वॉक कर रही तिलक नगर निवासी डॉ. विभा खरे को पुलिस की वर्दी में एक व्यक्ति ने इलाके में मर्डर की बात कह उनके गहने उतरवा लिए और पास खड़े उसके साथी लेकर भाग गए।

**जवाहर नगर:** थाना इलाके में राजापार्क निवासी सुशील अरोड़ा सुबह करीब 7 बजे वह मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। राजापार्क में बाइक सवार दो व्यक्तियों अपने को पुलिसकर्मी बता उनके हाथों में पहनी सोने की चार चूड़ियां, सोने की अंगूठी और चांदी की 3 अंगूठी उतरवा लिए और नकली आभूषण देकर रफूचक्कर हो गए।

**अशोक नगर:** इलाके में सी-स्कीम निवासी कांता अग्रवाल सुबह करीब 7:30 बजे वह मंदिर जा रही थी। कुछ दूरी पर ही एक आदमी ने आवाज लगाकर उन्हें रोका। लूट का खतरा बताकर हाथों में पहने सोने के दोनों कड़े उतरवा लिए और बदमाश छीनकर भाग गया।

**मोतीडूंगरी:** थाना इलाके में आदर्श नगर निवासी शशि गोलेछा पूजा पाठ के लिए वह दादाबाड़ी जैन मंदिर से घर लौट रही थी। नायला हाऊस के सामने बाइक सवार दो व्यक्तियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर सोने की चार चूड़ियां उतरवाई। फिर छीनकर सांगानेरी गेट की तरफ भाग निकले।

### सावधानी बरतें



“पुलिस कभी भी किसी भी व्यक्ति या महिला से सरेराह आभूषण नहीं उतरवाती है। ऐसा किसी गिरोह का काम हो सकता है। आसपास में मदद के लिए लोगों को बुलाकर ऐसे लोगों का विरोध करें और तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

**कावेन्द्र सिंह सागर,**
डीसीपी ईस्ट, जयपुर शहर

**इन्टरनेशनल जीरो वेस्ट डे**

# हेरिटेज निगम: गीले कचरे से खाद बनाने का दिया लाइव डेमो




**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम ने शनिवार को स्वायत्त शासन निदेशालय के उद्यान में इन्टरनेशनल जीरो वेस्ट डे मनाया। इस अवसर पर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों और होटल एसोसिएशन के प्रतिभागियों को जीरो वेस्ट प्रोजेक्ट के माध्यम से गीले कचरे से खाद बनाने का लाइव डेमो दिया गया।

होटल एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि जीरो वेस्ट प्रोजेक्ट हेरिटेज निगम की सराहनीय पहल है। इस प्रोजेक्ट को होटलों के साथ-साथ अन्य प्रतिष्ठानों में अपनाने से निगम की स्वच्छता में रैंकिंग बढ़ेगी। उपायुक्त हवामहल आमेर जोन करतार सिंह ने कहा कि हम अपने जीवन और कार्यक्षेत्र में प्रतिदिन रिसाइकल, रिड्यूज, रियूज को अपनाएं। यह समय की मांग है। अगर हम अपने दैनिक जीवन में फालतू की चीजों का उपयोग घटा दें और जो अनुपयोगी सामग्री है, उसका पुनः उपयोगी बना ले, तो बढ़ते कचरे व प्रदूषण से निजात मिल सकती है। कार्यक्रम में लाइव डेमो इनरसॉल बायोपावर के राज सिंह दहिया ने दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त सतर्कता पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, उपायुक्त सरोज ढ़ाका, दिलीप पूनिया, पूजा मीणा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल, होटल एसोसिएशन के अनिल कुमावत और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**जेडीए ने एनएचएआई को सौंपी जमीन**

# क्लोवर लीफ की भूमि से हटवाया कब्जा

**बेधड़क** | जयपुर




जयपुर विकास प्राधिकरण ने शनिवार को मुख्य आगरा रोड पर रिंग रोड परियोजना की क्लोवर लीफ की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया और हाथों-हाथ एनएचएआई को सौंप दी। मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक महेंद्र शर्मा ने बताया कि जोन-10 के इकोलॉजिकल जोन में बगराना में क्लोवर लीफ बसा हुआ था, जिसमें अतिक्रमियों ने रिंग रोड में आने वाली जमीन खसरा नम्बर 248 और 390 पर लम्बे समय से कब्जा कर रखा था। रिंग रोड के निर्माण के लिए एनएचएआई ने ये जमीन आरओडब्ल्यू के रूप में जेडीए से मांगी थी। जेडीए की इस जमीन पर कब्जा कर अतिक्रमियों ने मुख्य रोड़ पर ही अवैध रूप से 35 दुकानों, पांच पक्के मकान, पांच टीनशेडनुमा स्ट्रक्चर, आरा मशीन, थडी-ठेले, झुग्गी—झोपडियां बना ली थी। प्रवर्तन दस्ते ने इनको ध्वस्त कर दिया और भूमि का जेडीए ने कब्जा प्राप्त कर मौके पर ही एनएचएआई को सौंप दिया।

**राजस्थान और गुजरात के डीजीपी के बीच द्विपक्षीय बैठक**

# मजबूत होगी सीमाओं की चेक पोस्ट

**बेधड़क** | जयपुर




लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान की तैयारियों के संबंध में शनिवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू और गुजरात पुलिस महानिदेशक विकास सहाय की अध्यक्षता में द्विपक्षीय बैठक हुई।

बैठक में दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने राज्यों के वांछित अपराधियों की सूची साझा की, वहीं शराब एवं मादक पदार्थों के माफिया-गिरोह की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान गुजरात के डीजीपी सहाय और राजस्थान के डीजीपी साहू ने दोनों के मध्य लगने वाली सीमा पर स्थित जिलों में सख्त नाकाबंदी करने, पर्याप्त संख्या में चैक पोस्ट लगाने, शराब के गोदामों को चैक करने एवं वाहनों की चैकिंग करते हुए अवैध शराब, अवैध नकदी और अवैध हथियारों के मूवमेंट पर सख्ती से रोक लगाने के लिए आवश्यक सूचनाओं का आदान प्रदान करने की सहमति जताई। बैठक के दौरान राजस्थान में दो चरणों में 19 एवं 26 अप्रैल को होने वाले चुनावों और गुजरात में मतदान दिवस पर दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा राजस्थान-गुजरात सीमा पर सख्त नाकाबंदी करते हुए अपराधियों पर नकैल कसे जाने के सम्बंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही दोनों राज्यों में वांछित एवं निवासरत अपराधियों की धरपकड़ के लिए सीमावर्ती जिलों की पुलिस द्वारा अभियान चलाये जाने का भी निर्णय लिया।

**जैन बैंकर्स फोरम का प्रयास: साइबर क्राइम से बचने के उपायों की जानकारी दी**

# समाज को बौद्धिक श्रेणी के संगठन की जरूरत: आचार्य सुनील सागर

**बेधड़क** | जयपुर

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की ओर से सामाजिक दायित्व के निर्वहन की कड़ी में वैशाली नगर में चल रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव पर शुक्रवार को साइबर अपराधों से बचने के उपायों पर आचार्य सुनील सागर के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाज के पुरुष व महिलाओं की सहभागिता रही। एसबीआई की रुचि बियानी एवं आईसीआईसीआई बैंक के सौरभ जैन एवं मनीष कुमार द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीके एवं इनसे बचाव के उपाय पर विस्तार से समझाया।





### 30000 से अधिक साइट्स होती हैं हैक

विशाल स्क्रीन पर पीपीटी के माध्यम से चर्चा में बताया कि प्रतिदिन 30000 से अधिक साइट्स हैक होती हैं। फिशिंग, यूपीआई, क्यू आर कोड, लॉटरी, ओएलएक्स, रियल एस्टेट, कुरियर, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, एटीएम, ऑनलाइन बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि विषयों पर धोखाधड़ी होने के तरीके के साथ इनसे बचने के उपाय पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही बताया कि पासवर्ड किसी से भी शेयर नहीं करना एवं धोखधड़ी होने की संभावना होने पर फोन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज करवाने के लिए सचेत किया।

### आरती के बाद समापन

इधर, जैन बैंकर्स के सदस्यों तथा लता गोयल, मनीष सक्सेना, गिरीश खंडेलवाल, आशुतोष घाटिया का व्यवस्था व संचालन में सहयोग रहा। इंजीनियर्स सोसायटी के अध्यक्ष प्रेमचंद छाबड़ा दौसा वाले एवं अशोक कुमार जैन पूर्व महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की गरिमामय उपस्थिति रही। पंच परमेष्ठि की आरती एवं आचार्य की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

### तीर्थ रक्षा के कार्यों का गुणगान

आचार्य ने आशीर्वचन में आचार्य ज्ञान सागर को याद करते हुए कहा कि अधिवक्ता, बैंकर्स, सनदि लेखाकार, डॉक्टर, इंजीनियर्स, शिक्षविदों आदि बौद्धिक श्रेणी के संगठन की समाज को बहुत आवश्यकता है। ऐसे लोगों की बुद्धिमत्ता का समाज एवं देश हित में उपयोग होना चाहिए। कार्यक्रम में जैन बैंकर्स के भाग चन्द मित्रपुरा ने ऐसे कार्यक्रम की आवश्यकता को आचार्य द्वारा दिए गए महत्व के बारे में तथा पदम जैन बिलाला ने आचार्य के द्वारा मुनि हत्या व तीर्थ रक्षा के कार्यों की भक्ति गीत के माध्यम से गुणगान किया।

## जरूरी खबर

### हथियार साफ करते चली गोली, जवान की मौत



**सीकर।** जिले के धोद थाना क्षेत्र के गांव अनोखू में हथियार साफ करते वक्त बीएसएफ हवलदार की मौत हो गई। वे होली पर छुट्टियों में गांव आए थे। उन्हें रविवार को वापस ड्यूटी जॉइन करनी थी। मृतक बीएसएफ बार्बर हवलदार पोखरमल सेन (50) पुत्र मदनलाल सेन हैं। जिसकी वर्तमान में पोस्टिंग गुजरात में है। बीते दिनों वह पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शूटिंग अभ्यास में आए थे। होली के मौके पर छुट्टियों में वह गांव आ गए।

### 25 सौ लीटर वाश नष्ट कर 8 भट्टियां तोड़ी, आरोपी भागे

**भरतपुर।** जिले की रूपवास और रुदावल थाना पुलिस अवैध शराब बनाने वाले शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी करवाई को अंजाम दिया। यह कार्रवाई सीओ श्वेता पाठक के नेतृत्व में की गई। मौके से पुलिसकर्मियों ने 8 भट्टियों को तोड़ा और 25 सौ लीटर वॉश नष्ट किया। पुलिस को देख शराब माफिया मौके से भाग गए। सीओ श्वेता पाठक ने बताया कि, मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि रूपवास और रुदावल थाना इलाके के बॉर्डर के गांव नगला खार गांव के जंगलों में अवैध शराब बनाने की भट्टियां चल रहीं हैं। इसके बाद रुदावल और रूपवास थाना पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ ज्वाइन ऑपरेशन किया। दोनों थानों की टीम मौके पर पहुंची।

### पुलिस व बीएसएफ जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



**चाकसू।** कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसीपी सुरेंद्र सिंह की मौजूदगी में विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट एस. एस. शेखावत व थाना प्रभारी कैलाश दान के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने पैदल मार्च किया। उन्होंने सभी से चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर लगाम कसने और शांति पूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया गया।

---

**25 घंटे लगातार चला प्रस्तुतियों का दौर,** 200 भजन समूहों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

# वाणी गायन में कलाकारों ने 25 घंटे बहाई सुरों की सरिता

**बेधड़क** | बाड़मेर

रुमा देवी फाउंडेशन और ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान की ओर से आयोजित दो दिवसीय वाणी उत्सव और 'दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी' सम्मान समारोह का शनिवार को समापन हुआ। आयोजन में सुरों की अविरल सरिता बही।

कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से माहौल में उत्सवी रंग घोल दिए। कार्यक्रम में राजस्थान सहित देशभर से 200 भजन समूहों ने प्रस्तुतियां दी। स्थानीय जसदेर धाम पर शुक्रवार रात को उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने 25 घंटे से अधिक निरंतर वाणी गायन से अपनी प्रस्तुतियां दी। दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी पुरस्कार वितरण में 4 श्रेणी के विजेताओं को एक लाख रुपए की राशि और वीणा वाद्य यंत्र भेंट किए गए। पांचला सिद्धा पीठ के महंत सूरजनाथ महाराज ने वाणी उत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीणा की ध्वनी बड़ी सात्विक होती है। वाणी गायन परंपरा और अध्यात्म का गहरा संबंध है। वाणियों में योग की अनुभूतियों का वर्णन है। वाणियों को चित लगा के सुनने से मन एकाग्र होकर समाधि अवस्था में जाने लगता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने कहा कि ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान की ओर से दान सिंह सहित अन्य वाणी गायकों की वाणी को संरक्षित किया गया है।



### चयनित विजेताओं को मिली पुरस्कार राशि

रुमा देवी फाउंडेशन की निदेशक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. रुमा देवी ने बताया कि वाणी गायन को आगे बढ़ाने के साथ वाणी गायकों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चार अलग-अलग कैटेगरी में चयनित विजेताओं की घोषणा रूमा देवी फाउंडेशन की ओर से की गई। इस वर्ष नवोदित कलाकार श्रेणी में अशोक सहेलिया, युवा कलाकार श्रेणी में थाना राम दहिया, वरिष्ठ कलाकार श्रेणी में मालाला मारवाडा और वीणा भजन परम्परा के संरक्षण के लिए विशिष्ट कार्य करने के लिए भीखारामजी विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप 1 लाख रुपए की नकद राशि और विजेता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

### इन कलाकारों को भेंट किए गए वीणा वाद्य यंत्र

लुप्त प्राय हो रहे वीणा वाद्य यंत्र को संरक्षण देने के लिए 15 लोक परंपरा के धार्मिक स्थानों के साथ कई कलाकारों को पांच लाख के वीणा भेंट किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान तेजभारती, कुम्भाराम धनाऊ, मालाला मारवाडा, केलम और दरिया आदि कलाकारों ने वीणा पर भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में कोशल्या चौधरी, निधि बक्शी सहित अन्य ने राजस्थान, गुजरात, पंजाब, मध्य प्रदेश से पधारे वाणी गायन के एक हजार से अधिक कलाकारों की हौसला अफजाई की।

---

**आज शाम से शुरू होगा मेला,** प्रशासन ने की चाक-चौबंद व्यवस्था

# शील की डूंगरी पर उमड़ेगी आस्था मेले की तैयारियां अंतिम चरण में

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू में शीतलाष्टमी पर आयोजित होने वाले वार्षिक लक्खी मेल की तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को घर-घर में माता के लिए विभिन्न तरह के पकवान बनाकर रांधा पुआ मनाया जाएगा।

चाकसू में शील डूंगरी पर स्थित शीतला माता मंदिर में वैसे तो सालभर भक्त दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन चैत्र माह में शीतलाष्टमी यानि बास्योड़ा के मौके पर यहां दो दिवसीय लक्खी मेला भरता है। इस बार 31 मार्च व 1 अप्रैल को लक्खी मेला भरेगा। शीतला माता मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हनुमान प्रजापति ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से मेले में आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मंदिर तक सुगम आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम रहेंगे। साथ ही पानी-शौचालय, पार्किंग इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 31 मार्च को रांधा पुआ और रात्रि को जागरण के साथ मेले का शुभारंभ होगा, जो 1 अप्रैल तक चलेगा।



### राजपरिवार की ओर से लगाया जाता है पहला भोग

मंदिर निर्माण इतिहास के बारे में बताया जाता है कि महाराजा सवाई माधोसिंह जयपुर राजदरबार की ओर से निर्मित यह मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। आज भी यहां पहला भोग राजघराने की ओर से भेजे गए प्रसाद से ही लगाया जाता है। मान्यता है कि फोड़े-फुंसी और गर्मी की बीमारियों से माता छुटकारा दिलाती हैं। शीतला माता एक पौराणिक देवी मानी जाती हैं। शीतला माता को बच्चों की संरक्षिका भी माना जाता है और इसी रूप में इन्हें पूजते हैं। मेले में आस-पास ही नहीं अपितु राज्य के हर हिस्से से लोग माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। श्रद्धालु नाच-गाकर एवं रात्रि जागरण करके माता को रिझाते हैं। खास बात यह है कि कई समाजों के लोग इस मेले में उनके लड़के-लड़कियों के शादी विवाह के रिश्ते भी तय करते हैं।

### पुलिस अधिकारियों व विधायक ने लिया जायजा



उधर एसीपी सुरेंद्र सिंह, एसएचओ कैलाश दान समेत पुलिस अधिकारियों ने मेला स्थल पर कैंप किया। यहां सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर 350 जवान तैनात रहेंगे। साथ ही 80 क्लोजर सिक्रेट केमरों से मेला क्षेत्र में हर गतिविधि पर पेनी नजर रखी जाएगी।



वहीं शनिवार को विधायक रामावतार बैरवा ने भी कार्यकर्ताओ के साथ मंदिर पहुंचकर शीतला माता के दर्शन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

### 500 साल पुराना है इतिहास

शील डूंगरी में स्थित शीतला माता के इस मंदिर से जुड़ी कई कथाएं प्रचलित हैं। बताया जाता है कि यह मंदिर 500 साल प्राचीन है। यहां बारहदरी पर लगे शिलालेख में अंकित है कि जयपुर नरेश माधोसिंह के पुत्र गंगासिंह एवं गोपाल सिंह को चेचक बीमारी हुई थी जो कि शीतला माता की कृपा से ठीक हुई। इसके बाद राजा माधोसिंह ने शील की डूंगरी पर मंदिर एवं बारहदरी का निर्माण कराया। यहां बनी बारहदरी भवन पर लगे शिलालेख में माता के गुणगान का उल्लेख मिलता है। पहाड़ी पर माता का मंदिर है जिसमें मां शीतलामाता की मूर्ति विराजमान है। राजशाही के जमाने से यहां होली से ठीक 8 दिन बाद शीतलाष्टमी का यह दो दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला भरता है। मन्दिर ट्रस्ट एवं नगर पालिका और प्रशासन इस मेले की व्यवस्थाएं संभालते हैं।

---

**दो बच्चे और चालक गंभीर घायल**

# सामने आया मवेशी तो ट्रेलर ने लगाए ब्रेक, ACJM की कार पलटी



**बेधड़क** | दौसा

जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे-21 पर शनिवार शाम को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें भरतपुर एसीजेएम (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) के दो बच्चे और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंची बालाजी थाना पुलिस ने घायलों को सिकराय अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को परिजन भरतपुर ले गए। बालाजी थाना प्रभारी गौरव प्रधान ने बताया कि कार में भरतपुर एसीजेएम कानाराम की पत्नी, बेटी दिव्यांशी और बेटा कनिष्क बैठे हुए थे। वहीं, महाराजसर निवासी कांताराम कार चला रहा था। कार चालक कांताराम (40) पुत्र विजयपाल निवासी महाराजसर भरतपुर सभी को कार में जयपुर से भरतपुर लेकर जा रहा था। ब्रह्मबाद मोड़ के पास सभी लोग हादसे का शिकार हो गए। हादसे में ड्राइवर कांताराम सहित एसीजेएम का बेटा कनिष्क (13) और बेटी दिव्यांशी (16) घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सवार लोग जयपुर से भरतपुर जा रहे थे। इस दौरान एनएच- 21 के ब्रह्मबाद मोड़ के समीप कंचन ढाबे के सामने एक ट्रेलर के आगे कोई मवेशी आ गया। इसके कारण ट्रेलर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। ऐसे में पीछे से आ रही कार बेकाबू होकर हाईवे पर 4 बार पलटी खाकर दुर्घनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद आस-पास के लोगों ने कार में मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाला। साथ ही हादसे के बारे में बालाजी थाना पुलिस को सूचना दी।

---

**जलदाय और बिजली विभाग के** खिलाफ की नारेबाजी

# पेयजल किल्लत को लेकर किया प्रदर्शन

**बेधड़क** | बांदीकुई

बांदीकुई के पास पातरखेड़ा में पानी के संकट से परेशान लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने जल्द ही पेयजल समस्या का समाधन नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।



प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि गांव में पानी की सार्वजनिक पानी की टंकी बनी हुई है, लेकिन 100 घरों में पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी से पेयजल सप्लाई का सिस्टम लगा हुआ है, लेकिन वॉल्व नही लगाने के कारण पानी नहीं पहुंच पाता है। कई बार जलदाय विभाग को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि सावर्जनिक पानी की टंकी पर मोटर चलाने के लिए थ्री फेज बिजली सप्लाई की आवश्यकता रहती है, लेकिन यहां पर सिंगल फेज बिजली सप्लाई की जाती है। इससे मोटर नहीं चल पाती है और पेयजल सप्लाई बाधित रहती है। इस दौरान लोगों ने जलदाय विभाग व बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। इस मौके पर दयाराम मीणा, कल्लू सिंह,अमरचंद, पंचम,नितेश,रामजीलाल बैरवा, सुरेश शर्मा,रुपेश सैनी, रवि सैन,तुलसी प्रजापत, अजय प्रजापत,सचिन प्रजापत, उंगती प्रजापत,धन्नी बैरवा, गंगा देवी सैन, रामू प्रजापत सहित अन्य मौजूद थे।

---

**आचार संहिता की पालना में सागवाड़ा थाना** पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# 26.75 लाख कैश और 8 किलो चांदी बरामद

**बेधड़क** | डूंगरपुर

जिले की सागवाड़ा थाना पुलिस ने लोकसभा चुनाव आचार संहिता पालना को लेकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने शनिवार को सागवाड़ा में नाकेबंदी के दौरान पैदल जा रहे एक युवक से 26 लाख 75 हजार की नकदी और 8 किलो 392 ग्राम चांदी के आभूषण जब्त किए हैं।

युवक के पास इनके कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। सागवाड़ा थानाधिकारी प्रभुलाल मीणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सागवाड़ा पुलिस की ओर से नाकेबंदी कर चेकिंग की जा रही है।



इसी के तहत सागवाड़ा में जांच के दौरान एक युवक बैग लटका कर पैदल जा रहा था। पुलिस को युवक पर संदेह हुआ तो पुलिस टीम ने उसे रुकवाया। पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली। इस दौरान बैग में कैश व चांदी के आभूषण भरे हुए थे। पुलिस ने युवक से कैश व चांदी के संबंध में दस्तावेज मांगे, लेकिन युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर पुलिस ने युवक को बैग के साथ डिटेन किया और थाने लेकर आए। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो बैग से 26 लाख 75 हजार का कैश मिला। वहीं, 8 किलो 392 ग्राम चांदी के आभूषण भी जब्त किए। पुलिस राजसमन्द निवासी पूरण सिंह पुत्र देवी सिंह चौहान से पूछताछ कर रही है।

### बीकानेर में 57 लाख की नकदी पकड़ी

बीकानेर। लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आदर्श आचार संहिता के बीच एक बार फिर बीकानेर पुलिस ने हवाला की राशि को जब्त किया है। बीछवाल थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। बीछवाल थाना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के समता नगर में श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के रीडी गांव निवासी देवीलाल को पकड़ा गया है। युवक स्कूटी पर सवार होकर जा रहा था। इस दौरान युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई, तो उसकी स्कूटी पर बैग में हवाला की संदिग्ध राशि 57 लाख रुपए जब्त की गई। युवक के मोबाइल में हवाला के लेनदेन का रिकॉर्ड भी मिला है

---

**पीटीआई भर्ती: ऑनलाइन फॉर्म में लगी फोटो से होगा चयनित अभ्यर्थी का मिलान**

# बढ़ेगी सख्ती: नौकरी में मलाई काट रहे डमी अभ्यर्थियों की अब खैर नहीं!

**■ भविष्य की भर्तियों के लिए फेस स्क्रीनिंग और फिंगर प्रिंट की सुविधा से जोड़ने की तैयारी**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लगातार पेपर लीक माफियाओं और नकल गैंग पर एसओजी का एक्शन जारी है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड डमी कैंडिट्स पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है।

इस कदम के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। बोर्ड भविष्य की भर्तियों के लिए फेस स्क्रीनिंग और फिंगर प्रिंट की सुविधा से जोड़ने की तैयारी में है। पीटीआई भर्ती में जिन चयनित अभ्यर्थियों ने जॉइनिंग ले ली, उनके फॉर्म में लगी फोटो की सॉफ्ट कॉपी शिक्षा निदेशालय भेजी गई है। वहां से संबंधित जिला मुख्यालय में नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी के नियुक्ति स्थान पर भेजी जाएगी। वहां पर जांच कर्ता अधिकारी फोटो का भौतिक सत्यापन करेगा ताकि अभ्यर्थी की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। किसी ने गड़बड़ी की तो वह पकड़ में आ सके। ऐसी व्यवस्था सभी भर्तिया में की जाएगी। डमी कैंडिट्स पर एक्शन लेने और इसे रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों को लेकर **'सच बेधड़क' संवाददाता कुणाल भटनागर** ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज से **खास बातचीत** की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश।




### हस्तलिपि का नमूना बनेगा बड़ा सबूत

'सच बेधड़क' से बातचीत में बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि अब तमाम भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों का हस्तलिपि नमूना लिया जा रहा है। जिससे अगर भविष्य में कोई डमी कैंडिडेट पकड़ा भी जाता है तो हस्तलिपी का नमूना बड़ा सबूत होगा।

**Q. डमी कैंडिडेट्स को रोकने के लिए बोर्ड क्या कदम उठा रहा है?**

A. अब बोर्ड की सभी भर्तियों में ऑनलाईन फार्म भरते समय अभ्यर्थी अपना आधार कार्ड को लिंक करेगा। इससे अभ्यर्थी की तमाम जानकारी बोर्ड के पास आ जाएगी। जिन अभ्यर्थियों के पास आधार कार्ड नहीं होगा, उनको अपना मूलनिवास प्रमाण पत्र लगाना पड़ेगा। उन अभ्यर्थियों की अलग से जांच की जाएगी। अगर उसमें कोई फर्जी होता हैं तो पाता चल जाएगा।

**Q. आधार कार्ड लिंक के अलावा बोर्ड और क्या कर रहा है?**

A. हमारी कोशिश है कि आने वाली परीक्षाओं में फिंगर प्रिंट और फेस स्क्रीन की सुविधा को भी जोड़े, ताकि आगामी भर्तियों में डमी कैंडिडेट्स के मामलों को खत्म किया जा सके। अभ्यर्थी को अपना मूल निवास या डिजिलॉकर से 10वीं बोर्ड प्रमाण पत्र लिंक करना होगा या एक शपथ पत्र देना होगा कि उसके पास ये सभी दस्तावेज नहीं हैं और परीक्षा केंद्र पर दूसरों की तुलना में 1-2 घंटे पहले आना होगा, जहां उसकी फेस स्कैन या बायोमेट्रिक्स होगी। अगर अभ्यर्थी इसमें भी बच जाता है तो डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान पकड़ा जाएगा।

**Q. पीटीआई भर्ती में डमी अभ्यर्थी को लेकर बोर्ड ने क्या कदम उठाया है?**

A. पीटीआई भर्ती में सभी चयनित अभ्यर्थियों के ऑनलाइन फॉर्म में लगाई गई फोटो की सॉफ्ट कॉपी निदेशालय भेज दी गई है, साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि इसे सभी जिला मुख्यालय पर भेजा जाए। इस फोटो का मिलान ग्राउंड पर काम कर रहे अभ्यर्थी से किया जाए। ऐसे में जिसने भी ऑनलाइन फॉर्म भरते समय डमी की फोटो अपलोड की थी, उस केंडिडेट की फोटो ग्राउंड पर काम करने वाले अभ्यर्थी से नहीं मिलेगी तो कार्रवाई होगी। इसमें किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हो, इसके लिए ग्राउंड पर जांच करने वाले व्यक्ति को लिखित में देना होगा कि दोनों कैंडिडेट्स समान है। अगर बाद में इसे लेकर शिकायत मिलती है तो उस पर भी कार्रवाई होगी। इस तरह आने वाले समय में तमाम भर्तियों में ये किया जाएगा, जिससे फर्जियों पर नकेल कस सके।

### मिड डे मील: स्कूलों में दूध पाउडर खत्म, 1 माह में शुरू हो पाएगी सप्लाई

# स्कूलों को बजट दिया तो परिवहन अटका, नए सत्र से मिलेगा दूध

बेधड़क | जयपुर

सरकारी स्कूलों में पहली से लेकर 8वीं कक्षा तक के बच्चों को दूध अब नए सत्र में ही मिल पाएगा। पहले बजट के अभाव में पिछले साल दिसंबर से स्कूलों में दूध पाउडर की सप्लाई नहीं हुई। इसके बाद करीब 20 से 25 फरवरी तक स्कूलों ने एक दूसरे से एडजस्ट कर दूध पिलाया। स्कूलों को बजट मिला तो अब परिवहन का अटक गया है। ऐसे में दूध पाउडर तैयार है, लेकिन इसका परिवहन नहीं होने से स्कूलों में पाउडर एक मार्च से खत्म हो चुका है। मिड डे मील के अतिरिक्त आयुक्त राम स्वरूप मीणा का कहना है कि हमने एक महीने पहले ही ऑर्डर दे दिया था। सप्लाई में परिवहन को लेकर कोई दिक्कत है। इसलिए 25 दिन से 1 माह तक का समय और लगेगा। इसके बाद ही स्कूलों में पाउडर पहुंचेगा। एक माह बाद मई लगभग शुरू हो जाएगा। 4 मई तक सभी परीक्षाएं खत्म हो जाएंगी और 15 मई से ग्रीष्मावकाश शुरू हो जाएगा। ऐसे में बच्चों को नए सत्र से ही दूध मिल पाएगा।

### उदयपुर को 74 हजार किलो दूध पाउडर की सप्लाई की जाएगी

इधर, मिड डे मील (एमडीएम) ने फरवरी में राजस्थान को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) को 35 लाख किलो दूध पाउडर का ऑर्डर दिया है, लेकिन सप्लाई की सुविधा फेडरेशन के पास नहीं है। उदयपुर के लिए 74 हजार किलो पाउडर की सप्लाई की जाएगी। सप्लाई के लिए 30 अप्रैल तक की डेडलाइन तय की है। कुछ जिला शिक्षा अधिकारियों ने तो दूध पाउडर खत्म होने के संबंध में आयुक्तालय को भी सूचित कर दिया है। हाल ही अधिकारियों की जांच में भी पाउडर खत्म मिला था।



### हर बच्चे को रोज दिया जाता है 100 मिलीलीटर दूध

अकेले उदयपुर में रोज करीब 40 हजार लीटर दूध की जरूरत है। जिले के 3922 सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक 4 लाख 2 हजार 161 विद्यार्थी पढ़ते हैं। प्रत्येक के लिए 100 मिलीलीटर के हिसाब से रोज 40 हजार 216 लीटर दूध चाहिए। इतना ही दूध 100 एमएल के हिसाब से पाउडर से बनाना होता है, जो प्रार्थना सभा के ठीक बाद पिलाना अनिवार्य है। दूसरी ओर दूध पाउडर 413 रुपए प्रति किलो की दर से फेडरेशन से सप्लाई होता है। मिड डे मील सूत्रों के अनुसार वित्त वर्ष खत्म हो रहा है। इस कारण पिछला बकाया फैडरेशन को दे दिया गया है। इसके साथ ही नया ऑर्डर 144 करोड़ रुपए का दिया गया है।

## Yuva स्टोरीज

### IIS एलुमनी में 12 सदस्यीय परिषद का किया गठन



बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर स्थित आईआईएस स्कूल परिसर में शनिवार को आईआईएस एलुमनी मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 1999 से 2020 तक अलग-अलग बैचों के 24 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस दौरान 12 सदस्यीय परिषद बनाई गई। इसमें 7 पूर्व छात्र और 5 प्रबंधन से शामिल किए गए।

संरक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद परिषद की घोषणा की गई। बैच 1999 से सूर्य प्रताप सिंह राजावत को आईआईएस एलुमनी मिलन के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। आदित्य अग्रवाल बैच 2000 को उपाध्यक्ष, अभि गुप्ता बैच 2012 को कोषाध्यक्ष, आकाश बंग बैच 2003 को सचिव, स्पृहा मंगल बैच 2020 संयुक्त सचिव, सलाहकार श्रुति शर्मा बैच 2020 उप सचिव के रूप में शामिल किया गया। संकाय प्रतिनिधि प्राचार्या माला अग्निहोत्री, निधि जोधा, मुक्ता खंडेलवाल और डॉ. अंजू चंद्रा रहे। पहली परिषद बैठक के एजेंडे पर अनौपचारिक रूप से चर्चा की गई। आईआईएस एलुमनी मिलन का यह दिन यादगार रहा, जहां 1999 के पूर्व छात्रों ने विभिन्न बैचों के अन्य लोगों से मुलाकात की।

### स्टूडेंट्स को मोमेंटो देकर किया सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

बेनाड रोड देव नगर में स्थित नवज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्टूडेंट्स का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी स्टूडेंट्स अपने अभिभावकों के साथ अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए स्कूल आए। इस अवसर पर स्कूल में परीक्षा परिणाम थीम को लेकर बहुत ही सुंदर सजावट की गई। कई जगह सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए जहां स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों ने अपनी बहुत सारी सेल्फी ली। क्लास में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले स्टूडेंट्स को स्कूल परिवार द्वारा ममेंटो देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। स्कूल प्रबंध निदेशक श्रीमान गणेश सैनी ने स्टूडेंट्स को अच्छे परीक्षा परिणाम लाने पर बधाई देते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### पर्यावरण संरक्षण और पॉल्यूशन कंट्रोल पर चर्चा



बेधड़क | जयपुर

जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान (एस.के.आई.टी) रामनगरिया में शनिवारको तीन दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का समापन हुआ I कांफ्रेंस का टॉपिक "एनवायर्नमेंटल पॉल्यूशन अबेटमेंट एंड डिजास्टर मैनेजमेंट" रहाI कांफ्रेंस के समापन समारोह में जेएनयू दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. पी के जोशी व राजस्थान यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर टी आई खान, एमएनआईटी जयपुर से डॉ. मीना ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया I सब लोगों ने पर्यावरण संरक्षण में लोगो की भागीदारी पर चर्चा की तथा भारत में बढ़ते पॉल्यूशन पर चिंता जाहिर की। पॉल्यूशन कंट्रोल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करने की आवश्यकता पर बल दिया I कांफ्रेंस की कन्वीनर डॉ. शारदा सोनी व प्रो. अर्चना सक्सेना ने कांफ्रेंस में विश्वभर से आये सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर को- कन्वीनर प्रो. संगीता व्यास, प्रो. विनीता शर्मा ऑर्गेनाइजिग सेक्रेट्री डॉ. स्वाति जोशी, डॉ. पूनम ओझा व डॉ. अनुराग शर्मा भी उपस्थित थे।

### स्वच्छता और इलेक्शन को लेकर कार्यशाला

# इलेक्शन को लेकर किया अवेयर, दिखी क्रिएटिविटी

### बायो डी ग्रेडेबल प्लास्टिक आइटम्स को किया प्रदर्शित

बेधड़क | जयपुर

सही प्रत्याशी को करो मतदान, बढ़ेगा देश का मान...सरीखे जागरूकता स्लोगन के जरिए स्टूडेंट्स ने मतदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौका था पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के एनएसएस सेल और मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान एवं इलेक्शन अवेयरनेस विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का, जिसमें स्टूडेंट्स ने विभिन्न आयोजनों व परफॉर्मेंस के जरिए स्वच्छता एवम इलेक्शन अवेयरनेस पर तीन दिन काम किया। इस अवसर कॉलेज स्टूडेंट्स व एनटीपीसी की ओर से तैयार गए बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक बैग्स भी बांटे गए एवम कार्यशाला मे आए सभी अतिथियों को दिए गए। स्टूडेंट्स ने बताया कि ये कैरी बैग्स एक निश्चित अवधि में स्वतः ही नष्ट हो जाते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।




### विभिन्न क्रिएटिव कार्यक्रम हुए प्रस्तुत

इस दौरान स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों की सफाई, क्विज कंपीटिशन, वोट अपील,निबंध प्रतियोगिता, कविता समेत अन्य आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज स्टूडेंट्स ने इलेक्शन अपील को लेकर बड़े पैमाने पर कैंपेनिंग की। कार्यशाला के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया प्रभारी ऋषभ जैन, आईटी प्रकोष्ठ के को कन्वीनर विकास शर्मा स्टूडेंट्स से रूबरू हुए। इस दौरान वशिष्ठ ने लोकतंत्र में वोट की महत्ता पर प्रकाश डाला एवम स्टूडेंट्स की ओर से इलेक्शन वोटिंग अवेयरनेस के लिए किए गए कार्यों की तारिफ की। उन्होंने देश का भविष्य युवाओं के हाथो में होने की बात कहते हुए उन्हे प्रेरित किया।

### स्वच्छता शपथ के साथ समापन

कार्यक्रम का समापन स्वच्छता को बनाए रखने की शपथ के साथ हुआ। कार्यशाला के समापन पर कॉलेज समूह के चेयरमैन डा. आनंद पोद्दार ने सभी अतिथियों का मोमेंटो देकर स्वागत किया। पोद्दार ने स्टूडेंट्स के द्वारा तीन दिन तक किए गए क्रिएटिव कार्य की सराहना की।

### रैंक होल्डर और 100 परसेंट अटेंडेंस स्टूडेंट्स हुए सम्मानित




बेधड़क | जयपुर

प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह 'नेक्सट चैप्टर' में सम्मानित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में रैंक होल्डर रहे विद्यार्थी और शत प्रतिशत अटेंडेंस वाले विद्यार्थियो को इस विशेष समारोह में आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि वरिष्ठ आर.ए.एस अधिकारी पंकज ओझा और रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के टीचर्स ने भी विद्यार्थियो के लिए अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अगले भाग में मांटेसरी के बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। सेरेमनी में बच्चों को सर्टिफिकेट्स दिए गए। कार्यक्रम में 700 से अधिक पैरेंट्स और स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने सभी विजेताओं को बधाई दी और निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने अपनी स्पीच में कहा कि विद्यालय में वर्ष भर विद्यार्थियो की पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के कार्यक्रम चलाए जाते हैं और नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी का धन्यवाद दिया।

### योग साइंस फॉर वेलनेस कोर्स का दिया प्रशिक्षण

बेधड़क | जयपुर

जोधपुर आयुर्वेद यूनिवर्सिटी में शनिवार को फाउंडेशन कोर्स इन योग साइंस फॉर वेलनेस का प्रशिक्षण पूरा हुआ। इसको लेकर यूनिवर्सिटी की ओर से 25 स्टूडेंट का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो.(वैद्य)प्रदीप कुमार प्रजापति ने स्टूडेंट को प्रमाण पत्र वितरित किए। कुलपति प्रो प्रजापति ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के पाठ्यक्रम से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे,उन्होंने योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए आमजन को जागरुक करने के लिए प्रोत्साहित किया। समापन समारोह के इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल ने कहा कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्किल इंडिया के अंतर्गत होने वाले इस प्रकार के ट्रेनिंग प्रोग्राम से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस पाठ्यक्रम के लिए पूर्व में विज्ञापन द्वारा आवेदन मांगे गए थे , उनमें से वरीयता क्रम से निर्धारित सीटो पर प्रवेश दिया गया, प्रशिक्षणोपरांत प्रोत्साहन राशि दी गई।

### परीक्षा के लिए अजमेर में बनाए 16 सेंटर

## असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन व PTI एग्जाम आज

### एक घंटे पहले चेकिंग के बाद मिलेगी एंट्री

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 के तहत 13 ऐच्छिक विषयों की परीक्षा का आयोजन अजमेर जिला मुख्यालय पर 31 मार्च को होगा। इसके लिए 16 सेंटर बनाए गए हैं। इसमें लाइब्रेरी साइंस, लॉ, जियोलॉजी, पेंटिंग, पंजाबी, म्यूजिक तबला, मिलिट्री साइंस, म्यूजियोलॉजी, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट (सितार), सिंधी, जैनोलॉजी, गारमेंट प्रोडक्शन एंड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट एवं म्यूजिक (वायलिन) विषय शामिल हैं। एग्जाम प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक (प्रश्न पत्र- प्रथम) एवं दोपहर 2:30 बजे से 5:30 बजे तक (प्रश्न पत्र- द्वितीय) होगा। परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए ओएमआर शीट के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके।

**डिस्कशन** | सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन

# ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक

### सामुदायिक विकास गतिविधियों में किया श्रमदान

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में एनएसएस सेल द्वारा 7 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग, सीईओ एंड वाईसचेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा एवं कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया।

निर्वाण विश्वविद्यालय की एनएसएस सेल के प्रभारी डॉ. विजय लक्ष्मी एवं डॉ. के. सी. सैनी ने जानकारी दी कि इस कैंप में सभी गोद लिए गए गांवों में वोटिंग अवेरनेस, स्वच्छता जागरूकता और स्वास्थ्य जागरूकता से संबन्धित गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनएसएस वॉलंटियर्स द्वारा ग्राम पंचायत परिसर, किसान सेवा केन्द्र परिसर, सार्वजनिक स्थानों जैसे मंदिर सड़क के किनारे आदि पर कंटीली झाड़ियों को साफ किया गया व पौधारोपण किया गया। गांवों में कचरपात्रों में ही कचरा डालने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया।



आने वाले लोक सभा चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार वोटिंग रजिस्ट्रेशन से लेकर वोट डालने तक कि प्रक्रिया के लिए जागरूकता रैली निकाली गई और ग्रामीणों को इस संदर्भ में जागरूक किया गया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर एनएसएस वॉलंटीयर्स ने ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों कि भूमिका को समझा और वॉलंटियर्स ने ग्रामीणों को बच्चों तथा महिलाओं के पोषण से संबंधित जानकारी दी। कैंप में सभी वॉलंटीयर्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और श्रमदान भी किया।

इसके साथ ही समापन दिवस पर एनएसएस कैंप के महत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में अवगत करवाया गया।

### नारायणा स्कूल में फीस बढ़ाई, जताया विरोध

**जयपुर**। अलवर के सूर्य नगर स्थित नारायणा स्कूल में फीस बढ़ोत्तरी व हर साल स्कूल ड्रेस व किताबों के नाम पर नियमों से दो गुना फीस बढ़ाने के विरोध में अभिभावकों को गुस्सा फूटा।

स्कूल परिसर में धरने पर बैठे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने बताश हर साल बच्चों को जबर्दस्ती ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया जाता है। अभिभावक पीसी मीना ने कहा कि उसकी बेटी नवीं कक्षा में है। पहले मैनेजमेंट ने कहा था कि तीन साल तक फीस नहीं बढ़ाएंगे। कमजोर बच्चों को अतिरिक्त क्लास लगाने का आश्वासन दिया था। एमएन कनेक्ट के नाम से 2 हजार रुपए की अलग से वसूली करते हैं।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


शाश्वत सनातन

*इंडोनेशिया के बाली में 13 वीं सदी का विशाल प्राचीन पुरा 'बेसाकिह मंदिर' है। इसके बारे में कहा जाता है कि कई बार भूकंप और ज्वालामुखी आने के बाद भी यह मंदिर आज भी अटल खड़ा है। पश्चिम एशिया के इस सबसे बड़े हिन्दू मंदिर में कई हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। देवी-देवताओं के अलावा यहां एक विशाल क्षेत्र में वासुकि नाग की भी पूजा-अर्चना की जाती है। यह मंदिर माउंट अगुंग नाम के पहाड़ पर बना हुआ है, जो किसी आइलैंड की तरह नजर आता है। इस मंदिर को 'मदर टेंपल ऑफ बाली' के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनियाभर के हिंदुओं के साथ-साथ वहां के मूल निवासियों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र है।*

## इंडोनेशिया के मुख्य शहर बाली में वासुकि नाग के नाम पर बना है बेसाकिह मंदिर



# मदर टेंपल ऑफ बाली पर भूकंप और ज्वालामुखी भी बेअसर

इंडोनेशिया एशिया का एक ऐसा देश है, जहां वैसे तो मुस्लिम और मलय लोगों की आबादी अधिक है, लेकिन यहां हिंदू संस्कृति और मंदिरों की भी भरमार है। इंडोनेशिया के मुख्य शहर बाली में कई प्रसिद्ध और विशाल हिंदू मंदिर सैलानियों के लिए काफी आकर्षण के केंद्र हैं। इंडोनेशिया प्राचीन समय में हिन्दू संस्कृति का एक महान केंद्र था। यहीं पर बना है 13 वीं सदी का विशाल प्राचीन पुरा 'बेसाकिह मंदिर'। कई बार भूकंप और ज्वालामुखी आने के बाद भी यह मंदिर आज भी अटल खड़ा है।

## देवी-देवीताओं के संग वासुकि नाग की भी पूजा

बेसाकिह मंदिर का नाम दरअसल संस्कृत के वासुकि शब्द से आया है। वासुकि नाग का वर्णन कई ग्रंथों और पुराणों में पाया जाता है। बाद में वासुकि शब्द को यहां की जावा भाषा में बदल कर बेसाकिह कर दिया गया है, जिसका अर्थ होता है बधाई। पुरा बेसाकिह मंदिर में कई हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। देवी-देवीताओं के अलावा यहां एक विशाल क्षेत्र में वासुकि नाग की भी पूजा-अर्चना की जाती है। यह इंडोनेशिया के हिंदुओं के लिए पूजा अर्चना का एक प्रमुख केन्द्र माना जाता है। यहां पर लगभग सभी हिंदू त्योहार बड़ी ही धूम-धाम से मनाए जाते हैं। देवी-देवताओं की मूर्तियों के अलावा यहां एक विशाल क्षेत्र में वासुकि नाग की भी पूजा-अर्चना महत्वपूर्ण है। यह इंडोनेशिया के हिंदुओं के लिए साधना का मुख्य केन्द्र माना जाता है।अपनी सुंदरता और महत्व के कारण हिंदू के साथ-साथ वहां के मूल निवासियों के लिए भी पुरा बेसकिह मंदिर आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां के कई भक्त और पुजारी इंडोनेशिया के स्थाई निवासी भी हैं।





## माउंट अगुंग नामक पहाड़ पर बना है मंदिर

*पुरा बेसाकिह मंदिर दुनिया के सबसे सुंदर और बड़े हिंदू मंदिर के रूप में जाना जाता है। यह मंदिर माउंट अगुंग नाम के पहाड़ पर बना हुआ है, जो किसी आइलैंड की तरह नजर आता है। पहाड़ों के बीच बसे इस मंदिर की खूबसूरती ही इसकी सबसे बड़ी खासियत है। यह पहाड़ बाली का सबसे ऊंचा पहाड़ है। इस मंदिर को 'मदर टेंपल ऑफ बाली' के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर बाली के सबसे सुंदर मंदिरों में से एक होने के साथ-साथ बहुत ही विशाल है और भगवान के भक्तों में भी बहुत प्रसिद्ध है। इसकी वजह से यह मंदिर यहां की सबसे मुख्य धरोहरों में गिना जाता है।*

---

कविता

## मिट्टी की खुशबू






अर्जुन सिंह राठौड़


मेरे शहर से
कहां मिट्टी रुखसत हो गई
चारों तरफ सड़कें ही सड़कें हैं
वो कच्ची पगडंडियां कहां खो गई
कहां बनाऊं मैं
वो प्यारा सा घरौंदा
आहते और आंगन में
पत्थर ही पत्थर हो गए
अब नंगे पैर मिट्टी का वह स्पर्श नहीं
बारिश के बाद वो मिट्टी की खुशबू नहीं
मुद्दतें हुई वो बचपन का किस्सा है
मुट्ठी में लेकर खा जाते थे मिट्टी
अब तो देखने तक को नही
एक गमले के लिए
मिट्टी की जरूरत क्या हुई
शहर में मिट्टी के लिए
हम बंजारा हो गए
चारों ओर पत्थर ही पत्थर है
इन शहरों में
मिट्टी, बाग-बगीचों की होकर रह गई।

---


शीतलाष्टमी पर विशेष

# बासी पकवानों का भोग लगता है शीतलामाता को




एकता शर्मा
जयपुर



विविधताओं से परिपूर्ण हमारे देश में कुछ मेले, त्योहार, पर्व एकता और समरसता से परिपूर्ण हैं, उनमें एक शीतलाष्टमी भी है। सहनशीलता और सहिष्णुता की देवी शीतला माता को प्रत्येक वर्ष चैत्र माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को पूजा जाता है। शीतलाष्टमी को बासौड़ा अष्टमी भी कहते हैं।

मनुष्य में तीन गुण सत्व, रज, तम होते हैं। इन्हीं तीनों गुणों में से व्यक्ति जिस गुण की प्रधानता बढ़ाता है, वही हमारा भविष्य और चरित्र बनता है। इसी आधार पर शीतला माता का यह पर्व हमें संकेत देता है कि हमें तामसिक और राजसी भोजन की बजाय सात्विक भोजन लेना चाहिए। आध्यात्मिक और आरोग्य से परिपूर्ण इस पर्व का न केवल धार्मिक अपितु वैज्ञानिक महत्व भी है ।

वो कहते हैं ना-जैसा खाया अन्न, वैसा हुआ मन अर्थात हम जैसा भोजन करते हैं वैसी ही हमारी प्रकृति और प्रवृत्ति होती जाती है।

### मां के हाथ में झाड़ू सफाई का प्रतीक

इसी के साथ-साथ माता के हाथ में झाड़ू इस बात का प्रतीक है कि न केवल हम अपने घर बाहर की सफाई रखें, अपितु अपने मस्तिष्क में एकत्रित कचरे को भी समय-समय पर साफ करते रहें। गधे पर सवार होने का तात्पर्य यह है कि हमें अपने निर्णय धैर्य और शांति से लेने चाहिए। आज की आपाधापी में मनुष्य जिस प्रकार से अवसाद, डिप्रेशन तनाव में आ रहा है।

उसे चाहिए शीतलता और यह शीतलता मिलती है। माता के हाथ में रखे कलश से जो इस बात का घोतक है कि अब ठंडे पेय अर्थात पानी अधिक पीने का समय आ गया है।

### वैज्ञानिक और पर्यावरण महत्व

कितनी आश्चर्य की बात है कि हमने हमारे धर्म को प्रकृति और पर्यावरण के साथ संजोकर रखा जो हमारी मूर्त-अमूर्त संस्कृति का एक हिस्सा है। वास्तव में हमने प्रकृति के प्रत्येक प्राणी को समान दृष्टिकोण से देखा है। प्रकृति, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में भारत ने हमेशा से जीव, जंतु, पेड़-पौधों को भी सांस्कृतिक धरोहर, विरासत समझा। यही कारण है कि हमने प्रकृति के सजीव ही नहीं निर्जीव वस्तुओं का भी महत्व और सम्मान किया है, जैसे माता के हाथ में रखी झाड़ू को भी हम कभी पैर नहीं लगाते। उसे हमने लक्ष्मी के रूप में पूजनीय समझा है।

### आरोग्य की अधिष्ठात्री

रोग से पूर्व आरोग्य हमारे सनातन ज्ञान परंपरा और आयुर्वेद की ही देन है। हमारे ऋषि- मुनियों ने सदियों पहले ही यह पता लगा लिया था कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। ऐसे में शीतला अष्टमी का पर्व रोगी होने से पहले ही निरोगी रहने की सतर्कता, सावधानी और सुझाव देता है।

### मौसम में परिवर्तन का संकेत

होली के आठवें दिन आने वाले इस पर्व को रात का बासी भोजन माता को अर्पित कर ग्रीष्म ऋतु में मौसम में परिवर्तन आने के बाद इसे बंद करने का संकेत है। वास्तव में यह पर्व सुख ,शांति, समृद्धि के साथ-साथ आरोग्य में वृद्धि का वरदान है।

**बिहार: राजग ने ली राहत की सांस,** पशुपति पारस ने अनबन की अटकलों पर लगाया ब्रेक, कहा...

# रालोजपा एनडीए का अभिन्न अंग, पीएम का फैसला हमारे लिए सर्वोपरि

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बिहार में सीटों के बंटवारे के बाद राजग को शनिवार को उस समय राहत मिली जब पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने यह साफ कर दिया कि वो राजग को छोड़कर नहीं जा रहे हैं।

वह राजग के साथ ही रहेंगे। सीटों के बंटवारे में खाली हाथ रह जाने के बाद पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे थे कि वह राजग का साथ छोड़ सकते हैं। सीटों के बंटवारे में चिराग पासवान की पार्टी लोजपा(पासवान) को पांच सीटें दी गई जबकि पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के हिस्से में एक भी सीट नहीं आई थी।

ज्ञात रहे कि पारस और चिराग पासवान के बीच सीटों को लेकर काफी समय से तनातनी चल रही थी। उनकी खींचतान से राजग के सामने भी स्थिति पैचीदा हो गई थी।

दरअसल, पशुपति पारस ने शनिवार को फोटो सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोटो पोस्ट की है। पोस्ट में उन्होंने लिखा, हमारी पार्टी रालोजपा एनडीए का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री मोदी हमारे भी नेता है और उनका निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में एनडीए पूरे देश में 400+ सीट जीतकर तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से सरकार बनाएगा।



## हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे चिराग, बहनोई अरुण भारती जामुई से प्रत्याशी

**एजेंसी** | पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव राजग के घटक दलों में सीटों के बंटवारे पर हुई सहमति के बाद

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को पांच सीट पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए। हाजीपुर सीट से पार्टी प्रमुख चिराग पासवान चुनाव लड़ेंगे। वहीं, मंत्री अशोक चौधरी की बेटी और महावीर न्यास बोर्ड के सचिव आचार्य किशोर कुणाल की बहू शांभवी चौधरी को समस्तीपुर लोकसभा से उम्मीदवार बनाया गया है। इस सीट से चिराग पासवान के चचेरे भाई प्रिंस राज सांसद हैं। सबसे ज्यादा चर्चित रहे जमुई लोकसभा सीट से अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, चिराग पासवान ने पहले ही उन्हें सिंबल दे दिया था।



### वैशाली से वीणा देवी को टिकट

लोजपा (रामविलास) ने खगड़िया लोकसभा सीट से राजेश वर्मा और वैशाली सीट से वीणा देवी को उम्मीदवार बनाया है। वीणा देवी वैशाली की वर्तमान सांसद भी हैं। इस बात की चर्चा थी कि वीणा देवी का टिकट कट सकता है लेकिन चिराग पासवान ने सारे अटकलों पर विराम लगा दिया। खगड़िया सीट से पिछले चुनाव में लोजपा के चौधरी महबूब अली कैसर ने चुनाव जीता था। कैसर पारस गुट में चले गए। इसलिए चिराग पासवान की पार्टी से राजेश वर्मा को टिकट दिया गया।

---

### कल्पना सोरेन की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात



**नई दिल्ली।** जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली में शनिवार को सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों के मुलाकात हुई। ज्ञात रहे कि अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि हेमंत सोरेन को कथित जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आम आदमी पार्टी के एक्स हैंडल पर दोनों की मुलाकात से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया गया है। जिसमें कल्पना और सुनीता एक दूसरे से गले मिलते नजर आ रही हैं। कल्पना सोरेन ने कहा कि जो घटनाक्रम दो महीने पहले झारखंड में चला, वही अब दिल्ली में चल रहा है।

### लक्ष्मीर भंडार जैसी योजनाएं शुरू करके दिखाए BJP



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भाजपा को आड़े हाथ लिया। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो भाजपा शासित राज्यों में लक्ष्मीर भंडार जैसी सामाजिक कल्याण योजना लागू करके दिखाए। बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में एक चुनावी सभा में अभिषेक बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार ने वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना के लिए 25,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। मोदी का हर नागरिक के बैंक खाते में 14 लाख रुपए भेजने का वादा अधूरा है।

**महाराष्ट्र:** घर में सियासी घमासान

# बारामती: ननद सुप्रिया सुले को भाभी सुनेत्रा पवार देंगी टक्कर

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार बारामती सीट सबसे अधिक चर्चा में रहने वाली है। दरअसल इस सीट पर मुकाबाला ननद-भाभी के बीच होने वाला है। शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा ने बारामती से सुप्रिया सुले को टिकट दिया है। जबकि अजित पवार नीत राकांपा ने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को वहां से प्रत्याशी घोषित किया है। शरद पवार और अजित पवार चाचा भतीजे हैं। बारामती सीट शरद पवार का गढ़ मानी जाती है। उनके इस अभेद्य दुर्ग में परिवार के भीरत से ही यह चुनौती आई है। सुप्रिया सुले बारामती से लगातार तीन बार से सांसद हैं। वह राकांपा (शरद पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने बारामती सीट से सुनेत्रा अजित पवार के नाम की घोषणा की। पिछले कुछ महीनों से बरामती में अजित पवार की बढ़ी सियासी सक्रियता से यह कयास तेज हो गए थे कि उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार वहां से चुनाव लड़ेंगी। शनिवार को इस लड़ाई पर मुहर लग गई है।



### विजय शिवतारे ने कदम वापस खींचे

इससे पहले शनिवार को शिवसेना (शिंदे) के पूर्व विधायक विजय शिवतारे ने बारामती से अपनी दावेदारी छोड़ दी। शिवतारे के बीते गुरुवार को महायुति गठबंधन के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बाद इस बात के कयास लगाए जा रहे थे। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दूसरे उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ-साथ वरिष्ठ शिवसेना नेता भरत गोगावले ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के बंगले 'वर्षा' में शिवतारे के साथ बैठक की। इसमें उनको मनाने की कोशिश की गई थी।

### बारामती में चुनाव प्रचार जोरों पर

बारामती में उम्मीदवारों के ऐलान से पहले ही अजित पवार पत्नी के प्रचार में जुटे हैं। वहीं शरद पवार की बेटी और बारामती सांसद सुप्रिया सुले इस बार चौथी जीत हासिल कर विजयश्री का सिलसिला जारी रखना चाहती हैं। ऐसे में देखना रोचक होगा कि मुकाबले में कौन बाजी मारेगा?

### शरद पवार की पार्टी ने इन्हें भी दिया टिकट

प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने बताया कि सुप्रिया सुले के अलावा भास्कर भागरे को डिंडोरी , अमर काले को वर्धा, डॉ. अमोल कोल्हे को शिरूर व निलेश लंके को अहमदनगर दक्षिण से उम्मीदवार बनाया गया है।

### कांग्रेस को झटका,पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल की पुत्रवधू BJP में शामिल



**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल शनिवार को भाजपा में शामिल हो गई हैं। डॉ. अर्चना पाटिल ने भाजपा नेता और राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद रहे। अर्चना पाटिल के भाजपा में आने पार्टी को लातूर और मराठवाड़ा में फायदे के तौर पर देखा जा रहा है।पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा

### पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा

ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अर्चना पाटिल ही अब वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल की विरासत को आगे बढ़ाएंगी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अर्चना पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकासशील से विकसित देश की ओर तेजी से और असाधारण यात्रा पर है। मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन बिल पारित कर महिलाओं का सम्मान बरकरार रखा। महिला आरक्षण कानून पारित होने के बाद हमने भाजपामें शामिल होने का फैसला किया।

**BJP: चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन**

# राजनाथ सिंह अध्यक्ष सीतारमण संयोजक गोयल सह संयोजक

■ सदस्यों में वसुंधरा राजे समेत कई राज्यों के सीएम व केंद्रीय मंत्री शामिल







**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने अपनी चुनाव घोषणा पत्र समिति की घोषणा कर दी है। दिग्गज भाजपा नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इसका संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में अध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को शामिल किया गया है।

2024 के चुनावी रण में मिशन 400 पार का लक्ष्य हासिल करने में जुटी भाजपा लगातार एक्शन मोड पर है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने समिति का गठन किया। सूत्रों के अनुसार 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने जानकारी दी है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस समिति के गठन को मंजूरी दी है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत बिस्व सरमा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे के नाम शामिल हैं।

समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी शामिल हैं।

भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी ने लोगों से सुझाव मांगने के लिए अलग-अलग इलाकों में 'रथ' भी रवाना किए थे।

### गरीबों, युवाओं, किसानों व महिलाओं पर होगा केंद्रित

भाजपा अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' कहती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की योजना पर भी आधारित होगा।

**भाजपा की आठवीं सूची जारी,** 11 प्रत्याशियों के नाम घोषित

# सनी का टिकट कटा, परनीत-बिट्टू प्रत्याशी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को उम्मीदवारों की आठवीं सूची जारी की है। पार्टी ने ओडिसा की 3 और पंजाब की 6 सीटों पर तथा पश्चिम बंगाल की दो सीटों पर भी उम्मीदावारों के नामों की घोषणा की है। पंजाब की गुरदासपुर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद और बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह दिनेश सिंह 'बब्बू'को टिकट दिया गया है। इसके अलावा दूसरे दलों से आए सांसदों को भी टिकट दिया गया है। इनमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर जैसे कई नेताओं के नाम शामिल हैं।सूची के अनुसार पंजाब की पांच अन्य सीटों पर तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से, सुशील कुमार रिंकू जालंधर से, लुधियाना से रवनीत सिंह बिट्टू, हंसराज हंस फरीदकोट से और परनीत कौर पटियाला से पार्टी प्रत्याशी होंगे। परनीत कौर व रवनीत सिंह बिट्टू हाल ही कांग्रेस छोड़कर में शामिल हुए थे। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल की झारग्राम सीट से प्रणत टुडू और बीरभूम से पूर्व आईपीएस देबाशीष धर को टिकट दिया गया है। पार्टी ने ओडिशा से 3 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। इनमें जाजपुर से रविंद्र नारायण बेहरा, कंधमाल से सुकांत कुमार पाणिग्रही और कटक से भर्तृहरि महताब शामिल हैं।







### खांडू समेत 10 प्रत्याशी निर्विरोध जीते

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले ही भाजपा के लिए अच्छी खबर सामने आई है। यहां राज्य की 60 सीटों में से सीएम पेमा खांडू और डिप्टी सीएम चौना मीन समेत भाजपा के 10 उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए हैं। अरुणाचल प्रदेश भाजपा ने एक ट्वीट कर जानकारी दी है यहां बुधवार को नामांकन की आखिरी तारीख थी, लेकिन इन नेताओं की विधानसभा सीटों से किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। बता दें, अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए एक साथ 19 अप्रैल को चुनाव होंगे।

---

**सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध**

# महारैली में आज विपक्ष करेगा शक्ति प्रदर्शन, देगा एकजुटता का संदेश

**एजेंसी** | नई दिल्ली


दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कथित आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तारी के विरोध में आप समेत विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता रविवार को राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली में अपनी ताकत दिखाएगा। महारैली का नारा, तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ रहेगा। रैली से एक दिन पहले शनिवार को आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने कहा कि विपक्ष आगामी लोकसभा चुनाव में एकजुट मोर्चा खोलेगा। वहीं, कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की 'लोकतंत्र बचाओ रैली' का उद्देश्य किसी व्यक्ति की रक्षा करना नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाना है।

रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को एक 'कड़ा संदेश' दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। रमेश ने कहा, यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें करीब 27-28 पार्टियां शामिल हैं। 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक इस रैली में हिस्सा लेंगे। वहीं आम आदमी पार्टी नेता व दिल्ली की मंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इंडिया गठबंधन एक है। जब सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हो रही थी, तब कांग्रेस के बड़े नेता वहां मौजूद थे। गठबंधन के सभी नेताओं ने इसे लेकर आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या पर आखिरी हमला है, जिसे लेकर रविवार को विपक्ष भी आवाज उठाएगा। आप नेता गोपाल राय ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रविवार को बड़ी भीड़ निकलेगी और उनके विरोध प्रदर्शन में शामिल होगी।

> रैली का उद्देश्य किसी व्यक्ति को बचाना नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र बचाना है।
>
> **जयराम रमेश**



> इंडिया गठबंधन एक है। जब सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी हो रही थी, तब गठबंधन के सभी नेताओं ने इसे लेकर आवाज उठाई थी।
>
> **अतिशी**



### मंत्रियों ने लिया महारैली की तैयारियों का जायजा

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में रविवार होने जा रही रामलीला मैदान की महारैली की तैयारियां एक दिन पहले ही पूरी हो गई हैं। शनिवार दिनभर रामलीला मैदान में रैली को लेकर चहल-कदमी देखने को मिली। तैयारियों का जायजा लेने दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय व विधायक दिलीप पांडेय समेत दूसरे नेता भी पहुंचे। आप नेताओं ने मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उधर, रैली स्थल पर बड़े नेताओं के लिए करीब साढ़े सात फीट ऊंचा मंच तैयार किया है। दोपहर की गर्मी से बचने के लिए टेंट का भी इंतजाम है। इसमें कूलर व पंखे लगाए गए हैं। पूरा मैदान कुर्सियों से भरा नजर आया। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अलग से भी टेंट लगाया है।

### रैली में ये दिग्गज नेता हो सकते हैं शामिल

महारैली में कांग्रेस के अध्यक्ष खरगे, राहुल गांधी, राकांपा (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार, उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, राजद से तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाकपा से डी राजा, टीएमसी से डेरेक ओ ब्रायन, माकपा से सीताराम येचुरी व पीडीपी से महबूबा मुफ्ती समेत कई अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल होने की संभावना है।

## चार विभूतियां भारत रत्न से सम्मानित



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 4 विभूतियों पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी , नरसिंह राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव व कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति से यह सम्मान ग्रहण किया।

### जरूरी खबर

### पत्नी को 'भूत-पिशाच' कहना क्रूरता नहीं: HC

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने हाल ही में अपने एक फैसले में कहा है कि पति द्वारा अपनी पत्नी को भूत-पिशाच कहना क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए पति की सजा रद्द करते हुए उसे बड़ी राहत दी है। जस्टिस बिबेक चौधरी की एकल पीठ ने पति-पत्नी के झगड़े और दहेज उत्पीड़ने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वैवाहिक संबंधों में, खासकर असफल वैवाहिक संबंधों में, ऐसी घटनाएं होती हैं जहां पति और पत्नी दोनों एक-दूसरे के साथ गंदी भाषा का प्रयोग करते हैं और एक-दूसरे से गाली-गलौज करते हैं। इसलिए, ऐसे आरोप क्रूरता के दायरे में नहीं आ सकते हैं। इसके साथ ही जस्टिस चौधरी ने आईपीसी की धारा 498ए और दहेज निषेध अधिनियम 1961 की धारा 4 के तहत एक पति को निचली अदालत द्वारा सजा को रद्द कर दिया।

### पंजाब : केक खाने के बाद 10 साल की लड़की की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला में पिछले सप्ताह अपने जन्मदिन पर केक खाने के बाद एक 10 साल की लड़की की मौत हो गई। संदेह है कि केक जहरीला था। मृत लड़की के दादा ने कहा कि केक खाने के बाद लड़की की छोटी बहन सहित पूरा परिवार बीमार पड़ गया। केक पटियाला की एक बेकरी से ऑनलाइन मंगाया गया था। बेकरी मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कहा, शव का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। केक का एक नमूना भी परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### भोजशाला के सर्वे को चुनौती पर सुनवाई कल



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में भोजशाला के एएसआई सर्वे को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी धार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर भोजशाला का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने के मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की है। इंदौर पीठ ने 11 मार्च को भोजशाला का सर्वे करने का आदेश दिया था। एएसआई के पांच वरिष्ठ अधिकारी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके यह पता लगाएंगे कि क्या भोजशाला परिसर स्थित कमाल मौला मस्जिद को सरस्वती मंदिर को तोड़कर बनाया गया था।

### दिल्ली शराब नीति घोटाला: ईडी की पूछताछ जारी

# केजरीवाल के बाद गहलोत पर शिकंजा, 5 घंटे तक पूछताछ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्डरिंग के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत से शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की। ईडी के दूसरे समन पर गहलोत सुबह साढ़े 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे। पूछताछ के बाद ईडी दफ्तर से बाहर निकलने के बाद गहलोत ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ईडी अधिकारियों ने उनसे जो भी सवाल पूछे उन सभी का उन्होंने जवाब दे दिया।

उन्होंने बताया कि ईडी अधिकारियों ने उनसे पॉलिसी से जुड़े सवाल पूछे।ज्ञात रहे कि ईडी ने इस मामले में पूछताछ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर चुकी है। गहलोत ने पत्रकारों से कहा, मुझसे करीब साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ हुई।

ईडी अगर बुलाएगी तो मैं आगे भी आऊंगा। उन्होंने यह भी कहा, मैं मंत्रियों के समूह का हिस्सा था। मुझे आतिशी के गोवा चुनाव प्रभारी होने के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री ने जांच से जुड़े किसी भी विशेष सवाल के बारे में खुलकर बताने से इनकार कर दिया। मंत्री ने कहा कि यह जांच का विषय है।

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाला: ED ने दायर की चार्जशीट





### दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में ED ने दायर की 8 हजार पन्नों की चार्जशीट

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को आरोप पत्र दायर किया है। लगभग 8,000 पेज का यह आरोप पत्र धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में दायर किया गया। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए एक अप्रैल की तिथि तय की है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों और एक कंपनी को आरोपी बनाया गया है।

#### चुनावी फंड में इस्तेमाल किए रुपए

ईडी सूत्रों के अनुसार, जलबोर्ड द्वारा जारी एक अनुबंध में भ्रष्टाचार से रिश्वत में मिले पैसे को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को चुनावी फंड के रूप में पारित किया गया था। एजेंसी ने मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी बुलाया था, लेकिन वह उसके सामने पेश नहीं हुए।

### लोस चुनाव को लेकर बढ़ाई सतर्कता

## LOC: घुसपैठ की आशंका बीएसएफ ने बढ़ाई गश्त



**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू/नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार से संभावित घुसपैठ रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने अपनी गश्त तेज कर दी है। वैसे भी गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ जम्मू कश्मीर में जैसे-जैसे बर्फ पिघलती है, सीमा पार से घुसपैठ के प्रयास बढ़ जाते हैं।

सीमा सुरक्षा बल के कश्मीर सीमा के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि हम सीमा पार से किसी भी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार हैं। सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें हमेशा होती रहती हैं, लेकिन चुनाव जैसे बड़े कार्यक्रमों के दौरान ये ज्यादा बढ़ जाती हैं। इसलिए बीएसएफ और सेना पूरी तरह चौकस हैं। यादव ने बताया कि बीएसएफ की लगभग 65 कंपनियां कश्मीर के उत्तर, दक्षिण और मध्य इलाकों में तैनात हैं। ये जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर रही हैं और इलाके में गश्त बढ़ा रही हैं। हम चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे।

उन्होंने कहा कि बर्फ पिघलने से भी घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं।

### मुख्तार अंसारी की मौत की जांच

## बैरक और CCTV फुटेज किए सील, इलाज की रिपोर्ट तैयार

**एजेंसी** | बांदा

माफिया सरगना से नेता बने मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेटी जांच से पहले उसकी बैरक और निगरानी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सील कर दिए गए हैं। मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं, कब-कहां और किससे इलाज कराया गया, कौन-कौन सी दवाएं चल रही थीं, इसकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है। माना जा रहा है कि इस मामले में परिजनों के आरोपों और



जांच में जवाब देने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। शनिवार को जिला जज, सीजेएम, डीएम और एसपी ने बांदा जेल का निरीक्षण भी किया। सीजेएम ने मुख्तार की मौत मौत की न्यायिक और डीएम ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बैरक और फुटेज सील करने के अलावा मुख्तार का हेल्थ डोजियर भी तैयार हो रहा है। माफिया की सुरक्षा में हर माह अलग-अलग डिप्टी जेलर और वार्डर तैनात होते थे। उनके बयान भी मुख्यालय भेजे जाएंगे। अंसारी की मौत के तीसरे दिन शनिवार को जिला जज, सीजेएम, डीएम और एसपी जेल पहुंचे।

### एल्विश के खिलाफ एक और FIR दर्ज

**गुरुग्राम।** सांपों के जहर की खरीद-फरोख्त के आरोपों का सामना कर रहे यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को एल्विश के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है। गायक राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। गुरुग्राम के बादशाहपुर पुलिस स्टेशन में एल्विश यादव और गायक फाजिलपुरिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। 32 बोर गाने की शूटिंग के दौरान अवैध रूप से सांपों का इस्तेमाल करने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### प्रवर्तन निदेशालय ने की कार्रवाई

## टीएमसी के पूर्व सांसद कंवर दीप सिंह की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**एजेंसी** | नई दिल्ल

प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद कंवर दीप सिंह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने एल्केमिस्ट ग्रुप की 29.45 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति जब्त की है। इसी महीने ईडी ने एल्केमिस्ट समूह के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत टीएमसी का 10.29 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जब्त किया था। जांच एजेंसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने 2014 के लोकसभा



चुनाव के प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी की ओर से ली गई विमानन सेवाओं के लिए विभिन्न विमानन/हेलीकॉप्टर कंपनियों को भुगतान करने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया। ईडी ने कहा कि पार्टी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पार्टी विधायक व पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय और सांसद नुसरत जहां जैसे अन्य स्टार प्रचारकों के लिए इन विमानों का इस्तेमाल किया था। बयान में कहा गया, 'जांच में पाया गया कि जनता को धोखा देकर एकत्र किए गए धन का एक हिस्सा एल्केमिस्ट समूह की ओर से तृणमूल कांग्रेस की ओर से विमानन कंपनियों को भुगतान करने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

### नौसेना ने सोमाली डकैतों से छुड़ाया ईरानी जहाज

# पाक चालक दल ने लगाए 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अरब सागर में 29 मार्च को एक समुद्री ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना द्वारा सोमाली समुद्री डकैतों से 23 पाकिस्तानियों को बचाया है, जिसके बाद उन्होंने भारतीय नौसेना का आभार जताते हुए 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए थे। गौरतलब है कि समुद्री लुटेरों ने ईरानी झंडे वाले मछली पकड़ने वाला जहाज का 28 मार्च की देर शाम अपहरण कर लिया था। घटना की सूचना मिलने पर अरब सागर में तैनात दो भारतीय नौसेना जहाजों को अपहृत जहाज को रोकने के लिए डायवर्ट किया गया था। करीबन



12 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के बाद अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को बचा लिया था। नौसेना ने अपने बयान में बताया कि भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीमों ने मछली पकड़ने वाले जहाज 'अल कंबार 786' को अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच पूरी कर ली है। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए नौ सोमालियाई लुटेरों के खिलाफ समुद्री डकैती विरोधी अधिनियम, 2022 के तहत कार्रवाई की जाएगी। 23 पाकिस्तानी चालक दल की चिकित्सा जांच भी कराई गई है। इससे पहले नौसेना ने शुक्रवार को बताया था कि आईएनएस सुमेधा ने शुक्रवार तड़के एफवी 'अल कंबर' को रोका। बाद में निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल ने भी अलकंबर पर मौजूद डाकुओं के खिलाफ कार्रवाई की।

अपहृत जहाज सोकोट्रा आइसलैंड से लगभग 90 नॉटिकल मील दक्षिण-पश्चिम में था। अधिकारियों ने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे उनकी राष्ट्रीयता कुछ भी हो। नौसेना के अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने गत दिनों कहा था कि हिंद महासागर को और अधिक सुरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए नौसेना बल 'सकारात्मक कार्रवाई' करेगा। इसी के साथ उन्होंने नौसेना द्वारा गत 100 दिनों में समुद्री लुटेरों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी उल्लेख किया।नौसेना के 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत ये कार्रवाई की गई। जिसके तहत भारतीय नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और मालवाहक पोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### टीसीएस पर भेदभाव के आरोप, कहा-

## भारतीयों का करती है फेवर, जांच शुरू

**एजेंसी** | कैलिफोर्निया/ नई दिल्ली

भारत की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) पर अमेरिका में भेदभाव के गंभीर आरोप लगे हैं। टीसीएस के 20 से अधिक कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कंपनी नस्ल और उम्र के आधार पर गैरकानूनी तरीके से भेदभाव कर रही है। कंपनी ने उन्हें निकालकर एच-1बी वीजा पर आए पर भारतीयों को नौकरी पर रखा। इन लोगों का कहना है कि कंपनी भारतीयों को फेवर कर रही है। आरोपों के बाद भारतीय आईटी कंपनियों द्वारा एच-1बी वीजा के इस्तेमाल को लेकर जांच शुरू हो गई है। ये वीजा कैटेगरी कुशल विदेशी श्रमिकों के लिए है। टीसीएस द्वारा निकाले गए व्यक्तियों में कॉकेशियन, एशियाई-अमेरिकी और हिस्पैनिक अमेरिकी नस्ल के लोग शामिल हैं। ये लोग अमेरिका के विभिन्न राज्यों से आते हैं। शिकायतों के आधार पर, टीसीएस द्वारा नौकरी से निकाले गए कई व्यक्तियों के पास मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन या अन्य एडवांस डिग्री है। इसके अलावा, अमेरिकी कर्मचारियों ने कम योग्यता वाले और 'कम पैसों' पर काम करने वाले विदेशी श्रमिकों को हायर करने की आशंका व्यक्त की है।

## जवाहर कला केन्द्र में बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल का आगाज

# बच्चों की कल्पना के अनुसार आकार ले रही है उनके सपनों वाली दुनिया

**बेधड़क.जयपुर।** 'दुनिया एक कविता है, आओ, इसके रंग में रंग जाओ', 'ना राजा था ना रानी थी अलबेली बड़ी कहानी थी', ये कहानियां है सपनों भरी उस दुनिया कि जो बच्चों की कल्पनाओं से आकार ले रही है। ऐसी ही अनोखी कहानियों, किस्सों और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों को किताबों से जोड़ने के लिए जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल की शुरुआत हुई। पहले दिन 26 एक्टिविटी में बच्चे शामिल हुए। गौरतलब है कि रविवार सुबह 11 से शाम 4:30 बजे तक 4 से 14 वर्ष के बच्चे फेस्टिवल में नि:शुल्क हिस्सा ले सकते हैं। फेस्टिवल में कहानी कुंड, क्राफ्ट कॉर्नर, डूडल वॉल, ऑडिटोरियम, स्टूडियो जोन बनाए गए हैं, जहां अलग-अलग एक्टिविटी हो रही हैं। साथ ही बुक फेयर भी लगाया गया है।




### आयु वर्ग के हिसाब से बच्चे सेशन में पहुंचे

हंसते-खिलखिलाते बच्चे कल्पनाओं के रंगों से मन के कैनवास पर ख्वाबों को साकार करते हैं। आयु वर्ग के हिसाब से बच्चे सेशन में पहुंचे। कहानी कुंड में इंस्ट्रक्टर कहानियों के साथ बच्चों को रचनात्मक सफर पर ले गए। शिवानी कांडोलिया ने पपेट्स के जरिए कहानी कही। स्वेचा प्रसाद ने अक्कड़-बक्कड़ टेल्स में जंगल में एडवेंचर करने पहुंचे और तीन भाइयों की कहानी सुनाई। इसी तरह वसुंधरा बहुगुणा, शर्लिन पिमेंता, ममता नैनी, दीपा किरण ने अलग-अलग कहानियों से बच्चों को कल्पनाओं की दुनिया से जोड़ा।



### वॉयस मॉड्यूलेशन से थिएटर से जोड़ने का प्रयास

कृष्णायन स्टूडियो में तब्दील हुआ। यहां नाट्य निर्देशक अभिषेक मुद्गल ने अलग-अलग पात्र साकार करने, वॉयस मॉड्यूलेशन के जरिए थिएटर से जोड़ने का प्रयास किया। अनुपम अरुणाचलम ने बच्चों को भाई-बहनों के प्रेम को जाहिर करने का मौका दिया। दीपा किरण बच्चों को विदूषक तेनालीराम के तार्किक और मजेदार जवाबों की दुनिया में ले गई। नंदिनी नायर ने मिनी की कहानियों के जरिए बच्चों को प्रश्न करने का महत्व बताया।

### हर चीज के पीछे विज्ञान है, बस हम देखते नहीं

रंगायन ऑडिटोरियम में विक्रमजीत सिंह रूपराई ने मजेदार तरीके से बच्चों को बावड़ियों और कुओं के निर्माण के पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों से रू-ब-रू करवाया। उन्होंने बताया कि हर चीज के पीछे विज्ञान है, बस हम देखते नहीं। कमल काबुलीवाला का सेशन बच्चों और पेरेंट्स दोनों के लिए था। यहां अपनी मातृभाषा से जुड़ने और मोबाइल के हद से ज्यादा प्रयोग से बचने की सीख दी गई। गायत्री ने भावनाओं को जाहिर करने के महत्व पर प्रकाश डाला। दीपा अग्रवाल का सेशन खाने से जुड़े रोचक प्रयोगों से जुड़ा रहा। क्राफ्ट कॉर्नर में श्रुति हेमानी, इकरूप संधु, टीम अदिगामी, टीम नीला हाउस ने बच्चों को अलग-अलग क्राफ्ट बनाने का हुनर सिखाया। डूडल वॉल सेशन में बोस्की जैन, अजित नारायण, लिकला और शर्लिन पिमेंता ने विजुअल आर्ट से जुड़ी बारीकियां सिखाई।

### किताबें बच्चों की सबसे बड़ी दोस्त

फेस्टिवल डायरेक्टर स्वाति राय ने बताया कि किताबें बच्चों की सबसे बड़ी दोस्त है। पेरेंट्स की यह शिकायत रहती है कि बच्चे पढ़ाई से दूर हो रहे हैं। हमें तरीका बदलने की जरूरत है। साहित्यकार बच्चों के ज्यादा करीब होते हैं, क्योंकि वे उनके भावों को शब्दों का रूप देकर किताब में तब्दील करते हैं। वे हर चीज को बच्चों की नजर से देखते हैं।

## 'घूमर' लोक नृत्यों की आत्मा



**बेधड़क. जयपुर।** 'घूमर राजस्थान का गौरव भी है और लोक नृत्यों की आत्मा भी। प्रदेश की संस्कृति का सबसे खूबसूरत अंग हमारे लोक नृत्य ही हैं, जो हमारे आम जीवन से जुड़े हुए हैं।' यह कहना था वरिष्ठ कलाकार डॉ. रूप सिंह शेखावत का। वे जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित लोक नृत्य कार्यशाला में युवाओं को लोक नृत्य का प्रशिक्षण दे रहे हैं। गुलशन सोनी कार्यशाला में सह प्रशिक्षक की भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रपति अवॉर्डी डॉ. रूप सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यशाला में गणगौर और घूमर नृत्य का प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रदेश की संस्कृति से रू-ब-रू होने के लिए लोक नृत्य से जुड़ना जरूरी है। विशेष वेश-भूषा के साथ राजस्थान के पारंपरिक आभूषणों से सुसज्जित होने के बाद श्रृंगार रस प्रधान घूमर नृत्य किया जाता है। कार्यशाला में 16 वर्ष से अधिक आयु की 25 से अधिक युवतियां व महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। कार्यशाला में मुन्नालाल भाट्ट गायन, ढोलक पर विजेन्द्र सिंह राठौड़, तबले पर विजय बानेत संगत कर रहे हैं।

## 'कल्चर सेंटर' से बढ़ेगी संस्कृति



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में हरे कृष्ण कल्चर सेंटर का निमार्ण किया जाएगा। केंद्र हरे कृष्ण मार्ग जगतपुरा में 6 एकड़ भूमि में बनाया जाएगा। इसके लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साईं गिरधर, मुकुंद गोयल, मोहित साहनी, पारिजात अग्रवाल, अमित गुप्ता, ओम प्रकाश मोदी और मुकुट बिहारी गोयल शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरे कृष्ण कल्चर सेंटर के एंकर पैट्रन और ए यू बैंक फाउंडर एम डी संजय अग्रवाल ने की। हरे कृष्ण कल्चर सेंटर के अध्यक्ष अमितासन दास ने उपस्थित सभी व्यक्तियों को केंद्र के बारे में बताया और प्रोजेक्ट के सफलता पूर्वक निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हरे कृष्ण सांस्कृतिक केंद्र का उद्देश्य समाज में परिवर्तन लाना है।

## City इवेंट्स

### फाग महोत्सव में झूमी महिलाएं



**बेधड़क. जयपुर।** खंडेलवाल वैश्य सेवा संघ शास्त्री नगर की महिला प्रकोष्ठ द्वारा जनउपयोगी भवन शास्त्री नगर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका भावना खंडेलवाल ने बताया कि समाज की लगभग 200 से 250 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सेवा संघ अध्यक्ष राजेश मामोडिया, मंत्री व राजेश कुमार ताम्बी व कोषाध्यक्ष मनीष खंडेलवाल ने महिलाओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सह सयोजिका रीतू मामोडिया व अर्चना तांम्बी ने 31 मार्च को राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर में होने वाले रक्तदान व मेडिकल कैंप में आने का निमंत्रण दिया।

### श्रीआदिनाथ जयंती महोत्सव 2 से

**बेधड़क. जयपुर।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जैन मंदिर संघीजी सांगानेर में श्री आदिनाथ जयंती महोत्सव 2 व 3 अप्रैल को मनाया जाएगा। महोत्सव के लिए आचार्य सुनील सागर महाराज का मंगल प्रवेश 2 अप्रैल को होगा व 3 को रथयात्रा निकाली जाएगी। मंदिर प्रबंध समिति के मानद मंत्री नरेन्द्र पांडया ने बताया कि महोत्सव के तहत पहले दिन सुबह 7:30 बजे देवाधिदेव भगवान आदिनाथ की कलषाभिषेक व शांतिधारा होगी। दोपहर में 1:15 बजे संगीतमय भक्तामर विधान होगा। शाम 7:30 बजे 2100 दीपकों से दीपोत्सव मनाया जाएगा।

### निर्भया में कलाकारों ने दर्शाया दर्द



**बेधड़क. जयपुर।** कला, संस्कृति और पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से नाटक निर्भया का मचंन रवीन्द्र मंच पर किया गया। मिनी थिएटर हॉल में हुए नाटक का लेखन मीनाक्षी चौहान ने किया। नाटक में कलाकारों ने जीवंत अभिनय से बताया कि निर्भया, जिसे हम सभी जानते हैं के साथ जो दर्दनाक हादसा हुआ उसके बाद जनता सड़कों पर उतर आई। दिल्ली की बस में उस रात को जो कुछ हुआ उसने देश की महिलाओं को चुप्पी तोड़ने पर मजबूर कर दिया। निर्भया नाम के नाटक में मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित महिलाओं की कहानी को भी दर्शाया गया। बताया गया है कि निर्भया अपने डॉक्टर बनने के ख्वाब को पूरा करने के लिए दिल्ली आती है, लेकिन दुनिया की अच्छाई और बुराई से अंजान उस लड़की का कुछ वहशी लोगों द्वारा शोषण किया जाता है। अंत में उसको जिंदगी-मौत में से मौत मिलती है।

## देश-विदेश के धावकों ने जयपुर में लगाई दौड़

# मैराथन के साथ पारंपरिक चंग थाप ढोल व कालबेलिया नृत्य



**बेधड़क | जयपुर**

समाज को स्वस्थ रखने और राजस्थान की संस्कृति और कला को विश्व पटल पर प्रचारित करने के लिए युवा दौड़ पड़े। सभी ने हेल्दी लाइफ स्टाइल का मैसेज दिया। मौका रहा मरुधरा हॉफ मैराथन का, जिसमें सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया में के पास खुले वातावरण में जयपुराइट्स के साथ अन्य ने मेराथन में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने मैराथन में 21, 10, 5 और 3 किलो मीटर में दौड़ लगाई। मैराथन की समाप्ति के बाद होटल नोवोटेल में पारंपरिक चंग, थाप, ढोल व कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुतियों से धावक प्रफुल्लित हो उठे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य के रूप में ख्याति प्राप्त एक्टर सुरेंद्र पाल सिंह थे तो होटल नोवोटेल के मार्केटिंग हेड प्रज्वल घोष, कोटेक महिंद्रा बैंक के जोनल हैड निशचल दरगर, ईएचसीसी हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड नितेश शर्मा, रोटरी क्लब जयपुर प्राइड कोषाध्यक्ष गोवर्धन लाल गौड़, कल्पतरु शिक्षा समिति सचिव अजय शर्मा, देसी अखाड़ा के निदेशक नितिन दुबे व रॉयल राजस्थान रनर्स के अध्यक्ष सुनील गौड़ व पंकज जांगिड़, कल्पतरु मार्केटिंग और इवेंट प्रमोशन की निदेशक पायल शर्मा, डेकाथलान स्टोर आदि ने हिस्सा लिया। टोंक रोड के मैनेजर अंजुल पुनिया ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। विजेताओं को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## नेट-थिएट पर फागुन की धमाल से झूमे दर्शक

# 'फागुन आयो रे हठीला म्हारी बाजे बंगड़ी' ने किया मंत्रमुग्ध



**बेधड़क | जयपुर**

फागुन के गीतों की ऐसी छटा गुलाबी नगरी में बिखरी कि हर कोई उसमें डूबता चला गया। मौका था नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में राजस्थान दिवस पर बनी ठणी ग्रुप की निर्देशक मीरा सक्सेना और उनके साथी कलाकारों की प्रस्तुति का।

राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत रंगीला शंभू गोरा न पधारो प्यारा पावणा से की। इसके बाद उन्होंने फागण आयो फागणा और कान्हा मत मारे पिचकारी गीत को सुरीले अंदाज में पेश किया। फिर ढफ बाजे रे साथीड़ा आपां खेला होली और फागुन आयो रे हठीला म्हारी बाजे बंगड़ी पर लोक नृत्य की छटा बिखेरी। कार्यक्रम में मीरा सक्सेना, उमा गौतम, अनुरेखा गुप्ता, डॉ. भार्गवी, डॉ. कविता माथुर ने सुरीली स्वरों से लोकगीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को आनंदित किया। कलाकार कर्नल अजीत सक्सेना, भावना जालुथरिया, अध्यात्म, आविर्भाव, राशिका, किशोर सिंह चौहान, हरि नारायण शर्मा, मनोज स्वामी, मनोज आडवाणी और जीवितेश शर्मा ने चंग ढप पर सुंदर लोक नृत्य की प्रस्तुति से समा बांधा। हारमोनियम और गायन पर रमेश चौहान और ढोलक पर हनुमान प्रसाद पवार ने संगत की। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, मंच सज्जा अंकित शर्मा, नोनू और जिवितेश, संगीत सागर, विनोद गढ़वाल का रहा।

**इनॉग्रेशन सेरेमनी** इनॉग्रेशन और स्टाइल वॉक के साथ एमसीएल शुरू

# क्रिकेटर्स के साथ मॉडल्स ने शोकेस किए अपकमिंग ट्रेंड्स

**बेधड़क | जयपुर**

वीएफएक्स, लाइट और साउंड शो के बीच रैंप पर कॉकटेल पार्टी कलेक्शन को शोकेस करती मॉडल्स ने क्रिकेट के शुमार के साथ फैशन के रंग घोले। साथ ही कॉमेडी नाइट्स विद कपिल फेम विकल्प मेहता ने शाम में चार चांद लगा दिए। मौका था इवेंट मैनेजर्स क्रिकेट लीग की ओर से आयोजित हुए 8वें सीजन के इनॉग्रेशन सेरेमनी में क्रिकेट और फैशन का। कार्यक्रम में ईएमसीएल फाउंडर रवि यादव और डायरेक्टर अंकित मुद्गल, के साथ रेफल्स जयपुर प्रेसिडेंट बिन्नी सबेस्टियन आदि मौजूद रहे। इस दौरान सभी कप्तान और मेंटर्स ने पूर्व रणजी प्लेयर स्वर्गीय संजीव ओहलान को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी जर्सी साइन कर सुमन रैना को भेंट की।



### 30 मार्च से 4 अप्रैल तक लीग

रवि यादव ने बताया कि 30 मार्च से 4 अप्रैल को भांकरोटा स्थित संस्कार स्पोर्ट्स अकादमी में इवेंट मैनेजर्स क्रिकेट लीग का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट में जयपुर से इवेंट, एंटरटेनमेंट और हॉस्पिटेलिटी सेक्टर की 8 टीमों के बीच ट्रॉफी अपने नाम करने के लिए मैदान में भिड़न्त होगी। टीम फेयरमोंट रफेल जयपुर, टाइगरस जेसी 2, नक्षत्र बुल्स, फोरम रॉयल्स, स्काय हॉक्स, आईपीसीए डेयर डेविल्स, मेप्सोर वॉरियर्स और ऑल स्टार ईएमसीएल टीम्स भाग ले रही हैं।

### इंडो वेस्टर्न गारमेंट्स किए प्रदर्शित

इस दौरान शनिवार को मॉडल्स ने क्रिकेट के रोमांच के बीच फैशन शो में 3 सीक्वेंस प्रस्तुत किए। शो के पहले राउंड में ड्रेसजिला बाय माधुरी चेतवानी ने इंडो वेस्टर्न गारमेंट्स को प्रदर्शित किया। वहीं सैकंड राउंड में नटरॉक और तीसरे राउंड में जिम वीयर ने कलेक्शन रैंप पर प्रस्तुत किया। वशिका सेठी ने अपकमिंग मेकओवर ट्रेंड्स शोकेस किए।



एक मित्र वह व्यक्ति होता है जो आपके बारे में सबकुछ जानते हुए भी आपसे प्रेम करता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## रमजान के महीने में सऊदी अरब ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# जेद्दा में बनाई 3डी प्रिंटिंग तकनीक पर मस्जिद

### लोगों के बीच शांति और आतिथ्य की भावना को मिलेगा बढ़ावा

**जेद्दा।** रमजान के महीने में मध्य-पूर्व के इस्लामिक देश सऊदी अरब को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। सऊदी अरब के जेद्दा शहर में दुनिया की पहली 3डी प्रिंटिंग तकनीक से बनी मस्जिद का उद्घाटन किया गया है। 3डी प्रिंटिंग तकनीक पर आधारित मस्जिद जेद्दा के जवहरा में बनाई गई है। मस्जिद का नाम स्वर्गीय अब्दुलअजीज अब्दुल्ला शर्बतली के नाम पर रखा गया है। अब्दुलअजीज की पत्नी सऊदी की मशहूर उद्यमी वजनात अब्दुलवहीद ने अपने पति की याद में मस्जिद का निर्माण किया है।

मस्जिद प्रोजेक्ट का नेतृत्व फुर्सन रियल एस्टेट की मालकिन अब्दुलवहीद ही कर रही थीं। मस्जिद बनाने के लिए अब्दुलवहीद ने 3डी प्रिंटिंग के क्षेत्र में प्रसिद्ध चीनी निर्माता गुआनली से अत्याधुनिक 3डी प्रिंटर से खरीदी तकनीक का इस्तेमाल किया।



### तकनीक और ट्रेडिशन का शानदार नमूना

मस्जिद अत्याधुनिक तकनीक और ट्रेडिशन का शानदार नमूना है जिसे 5,600 वर्ग मीटर में बनाया गया है। मस्जिद के बारे में बताते हुए अब्दुलवहीद ने विस्तार से बताया कि मस्जिद वास्तुशिल्प सुंदरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मस्जिद का डिजाइन ऐसा है कि यह लोगों के बीच शांति और आतिथ्य की भावना को बढ़ावा देगा। उनका कहना है कि सऊदी अरब इस तकनीक का इस्तेमाल कर विशाल मस्जिद बनाने वाला पहला देश बना है।3डी प्रिंटिंग मस्जिद का निर्माण सऊदी अरब के वास्तविक शासक क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन सलमान के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'विजन 2030' को बढ़ावा देता है। इस विजन का उद्देश्य सऊदी की तेल आधारित अर्थव्यवस्था में विविधता लाना है। इसके तहत सऊदी विदेशी निवेश,पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भारी निवेश कर रहा है।

### पवित्र मक्का और मदीना का घर है सऊदी अरब

इस्लाम में मक्का और मदीना को दो सबसे पवित्र स्थलों के रूप में जाना जाता है। ये दोनों ही पवित्र शहर सऊदी अरब में स्थित है। हर साल मक्का में हज और उमराह के लिए लाखों की संख्या में पर्यटक सऊदी अरब पहुंचते हैं। सऊदी अरब अपने अर्थव्यवस्था में विविधता के लिए रूढ़िवादी इस्लामिक देश की अपनी छवि भी बदल रहा है और उदार इस्लाम को अपना रहा है।

## तालिबन प्रमुख ने जारी किया तुगलकी फरमान

# व्यभिचार पर महिलाओं को सरेआम मारेंगे पत्थर

**एजेंसी** | काबुल

अफगानिस्तान की सत्ता पर दोबारा काबिज होने के बाद से ही तालिबन द्वारा महिलाओं पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। एक बार फिर तालिबान द्वारा महिलाओं को लेकर तुगलकी फरमान जारी किया गया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने महिलाओं के प्रति कड़े कदम उठाने की बात कही है।

तालिबान प्रमुख मुल्ला हिबतुल्ला अखुंदजादा ने सरकारी टीवी पर प्रसारित संदेश में कहा है कि जब हम महिलाओं को पत्थर मारकर मार देते हैं तो आप कहते हैं कि यह महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन है। हिबतुल्ला अखुंदजादा ने घोषणा की है कि हम जल्द ही व्यभिचार के लिए सजा लागू करेंगे। हम महिलाओं को सरेआम कोड़े मारेंगे और सार्वजनिक रूप से पत्थरों से मार-मार कर उन्हें मार डालेंगे।



तालिबान शासन में महिलाओं के अधिकारों के दमन के सवाल पर अखुंदजादा ने कहा कि ये सब आपके लोकतंत्र के खिलाफ हैं, लेकिन हम ऐसा करना जारी रखेंगे। हम दोनों कहते हैं कि हम मानवाधिकारों की रक्षा करते हैं। हम इसे भगवान के प्रतिनिधि के रूप में करते हैं और आप शैतान के प्रतिनिधि के रूप में करते हैं।

### सत्ता में आने के बाद लगाए प्रतिबंध

बता दें कि अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी साल 2021 में हुई थी। तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से ही तालिबान द्वारा महिलाओं के खिलाफ कड़े कदम उठाए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 175 लोगों को कठोर नियमों के तहत सजा सुनाई गई है। इनमें 37 लोगों को पत्थर मारने की सजा दी गई थी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि सजा पाने वाले लोगों में से कितनी महिलाएं थी

## निक्की के समर्थकों को लामबंद करने में जुटे बाइडेन

# बाइडेन ने ऐड से ट्रंप पर साधा निशाना

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इस पद के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते दिखाई दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। इस बीच, जो बाइडेन ने एक चुनावी ऐड वीडियो लॉन्च किया है। इसके जरिए भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली के समर्थकों को टारगेट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,



बाइडेन के चुनाव अभियान में लगे वरिष्ठ सदस्यों ने न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय वित्त समिति की बैठक के दौरान ये ऐड वीडियो लॉन्च किया। इस ऐड में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव प्रचार की क्लिप्स को शामिल किया गया है। इसमें ट्रंप 52 वर्षीय हेली को बदनाम कर रहे हैं और पत्रकारों से कह रहे हैं कि उन्हें जीतने के लिए निक्की हेली समर्थकों की जरूरत नहीं है। इस ऐड में ट्रंप को यह कहते हुए दिखाया जा रहा है।

## बलूचिस्तान में छत गिरी, पांच की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई और मलबे में दबने से पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। इस घर को कोयला खदान के लिए बाहर से आए मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था।

## नेपाल के चितवन में दर्दनाक हादसा

# नदी में गिरी टैक्सी, पांच की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। चितवन जिले में टैक्सी के नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक शख्स लापता है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह एक टैक्सी में सवार छह लोग काठमांडू से गोरखा जिले की ओर जा रहे थे। इसी दौरान टैक्सी नदी में गिर गई। इस हादसे में दो महिलाओं और एक नाबालिग लड़के सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार, ये हादसा सुबह करीब 7 बजे के आसपास हुआ।

ये टैक्सी त्रिशूली नदी में 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। यात्रियों में से एक 18 वर्षीय लड़का लापता है। इसके अलावा मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं।

## 4 हजार साल पहले अंतरिक्ष से आई थी आफत


# भारत के 'लूना क्रेटर' का रहस्य खुला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पृथ्वी पर 4 हजार साल पहले क्या हुआ था? इस सवाल का जवाब वैज्ञानिकों को मिल गया है। गुजरात के भुज में स्थित 1.8 किलोमीटर चौड़े डिप्रेशन 'लूना क्रेटर' का रहस्य खुल गया है। वैज्ञानिकों को लगता है कि वह गड्ढा पृथ्वी से टकराने वाले एक उल्कापिंड की वजह से बना हो सकता है।

अनुमान है कि बीते 50 हजार साल में पृक्वी पर सबसे बड़ा उल्कापिंड लूना क्रेटर में ही टकराया था।

उल्कापिंड के टकराने से लगे झटके और जंगलों में फैली आग ने वह क्रेटर बनाया होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसी जगह पर हजारों साल पहले सिंधु घाटी सभ्यता के लोग रहते होंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में काम करने वाले गॉर्डन ओसिंस्की ने कहा, वह टक्कर निश्चित रूप से परमाणु बम के बराबर हो सकती है।



लूना क्रेटर के बारे में गुजरात के स्थानीय लोगों को भी पता है। रिसर्चर्स को पहले लगता था कि वह डिप्रेशन किसी इम्पैक्ट की वजह से हो सकता है। अब केरल यूनिवर्सिटी के नए शोध में इस बारे में ज्यादा जानकारी मिली है।

### उल्कापिंडों से जुड़े खनिज मिले

वैज्ञानिकों को यहां उल्कापिंडों से जुड़ी अन्य खासियतें जैसें- वुस्टाइट, किर्शस्टीनाइट, हर्सिनाइट और उलवोस्पिनल भी मिली हैं। वहीं कुछ वैज्ञानिकों की राय है कि भले ही जियोकेमिकल एनालिसिस मैच करता हो, यह पूरी तरह से साबित नहीं हुआ है कि लूना स्ट्रक्चर उल्कापिंड से बना क्रेटर है।

### मिट्टी में काफी मात्रा में इरिडियम

लूना क्रेटर के जियोकेमिकल एनालिसिस से पता चला है कि वहां की मिट्टी में काफी मात्रा में इरिडियम मौजूद है। इसका मतलब वह इम्पैक्ट किसी ऐसे उल्कापिंड की वजह से हुआ होगा, जिसमें आयरन की बहुत मात्रा था। हालांकि लूना क्रेटर को अभी तक एक गड्ढे के रूप में साबित नहीं किया गया है। इसी वजह से शोध में उसे डिप्रेशन लिखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, डिप्रेशन को गड्ढा साबित करने के लिए रिसर्चर्स को ऐसी चट्टानों को वहां ढूंढना होगा, जो टकराने के बाद पैदा हुई गर्मी से पिघल गईं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl